


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल





■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 122 | ग्वालियर, मंगलवार, 22 जून, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### योग दिवस पर नितिन गडकरी ने कहा, योग से अंनत लाभ

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह लोगों के जीवन से सभी बीमारियों और परेशानियों को दूर करता है। सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि योग एक ऐसा विज्ञान है, जिसके अनंत लाभ हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग को विश्व स्तर पर ले गए और लोगों को योग के लाभों और महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष वैश्विक दिवस की शुरुआत की।

### छह लाख रुपये के कुत्ते का कत्ल, मालिक ने लगाया पूर्व मालिक पर आरोप

**करनाल (ए)।** हरियाणा के करनाल में लेब्राडोर नस्ल के एक पालतू कुत्ते के कत्ल का मामला सामने आया है। कुत्ते के हत्यारे फरार हैं। कुत्ते से मोहब्बत करने वाले मालिक ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) गंगाराम पूनिया से मुलाकात कर न्याय की मांग की है। उन्होंने मुताबिक छोटा राज को किडनैप कर उसकी बुरी तरह पिटाई की गई। उन्होंने कुत्ते के पुराने मालिक पर यह आरोप लगाए। उनका दावा है कि यह खास कुत्ता लगभग छह लाख रुपये का था। मिली जानकारी के मुताबिक करनाल के शेरगढ़ खालसा में एक व्यक्ति कुत्तों का व्यापार करता था। उसके पास लैब्राडोर नस्ल का यह कुत्ता था जिसे उसने गांव के ही रहने वाले सागर को तीन लाख रुपए में बेच दिया था। खरीदने के बाद सागर ने कुत्ते की अच्छी तरह से देखभाल कर तगड़ा और तंदुरुस्त बना दिया। सागर ने अपने डॉग को छोटा राजा नाम दिया। इस दौरान कुत्ते के पुराने मालिक ने उसका आकार और डील-डौल देखकर उस वापस खरीदने की इच्छा जाहिर की। वहां कुत्ते के लिए छह लाख रुपए देने को तैयार हो जाता है, लेकिन सागर ने छोटा राजा को बेचने से इनकार कर दिया। सागर के मुताबिक कुछ दिन पहले उसके कुत्ते को कुछ खिलाकर किडनैप किया जाता है, फिर उसे बुरी तरह मारा जाता है। सागर और उसके दोस्तों ने एक बेजुबान को न्याय दिलाने और उसके हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए मुहिम छेड़ी है।

### केंद्रीय कैबिनेट में शामिल होने के लिए तैयार जदयू

**पटना (ए)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को दिल्ली दौरे पर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात हो सकती है। मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा होगी और जदयू की इसमें भूमिका को लेकर भी बात होगी है। इस बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने कहा कि जदयू केंद्रीय कैबिनेट में शामिल होने के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि आखरी फैसला नीतीश कुमार को ही लेना है। जदयू की ओर से मोदी कैबिनेट में कौन शामिल होगा इस पर भी फैसला नीतीश कुमार ही करने वाले है। आरसीपी सिंह ने कहा कि भाजपा के साथ हमारे संबंध बहुत पुराने हैं। शीर्ष नेतृत्व के बीच में कोई कटुता नहीं है। मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर आपसी समन्वय कर लिया जाएगा।

### यूपी में जुलाई से हर दिन 6 लाख टीके लगाने की हो रही तैयारी

**लखनऊ (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार से बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन अभियान की शुरुवात कर कहा कि आज से प्रदेश में बड़े पैमाने पर मुफ्त वैक्सीन देने का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। हम लोगों ने आज से लक्ष्य रखा है कि हम 6 लाख वैक्सीन प्रतिदिन लगाने वाले है। उन्होंने कहा कि जुलाई के प्रथम सप्ताह से 10-12 लाख वैक्सीन प्रतिदिन देने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में जारी कोरोना वैक्सीनेशन अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हम वैक्सीन देने की क्षमत को और बढ़ाएंगे। हमने जुलाई के प्रथम सप्ताह से 10-13 लाख वैक्सीन प्रतिदिन देन का लक्ष्य निर्धारित किया है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए मुफ्त में शुरू किए गए वैक्सीनेशन अभियान के लिए धन्यवाद कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के 7600 से अधिक बूथों पर सोमवार से टीकाकरण शुरू हो गया है।

### गुमला में बुजुर्ग महिला और उसके बेटे की पिटाई

**गुमला (ए)।** जिले के घाघरा थानाक्षेत्र के तुंजो हुटार गांव में सोमरा उरांव (50 वर्ष) और उसकी वृद्ध मां सनियारो उरांव (70 वर्ष) को रविवार को गांव के ही दो युवकों ने रंगदारी मांगते हुए लाठी से सर पर वार कर घायल कर दिया। घायल मां-बेटे को ग्रामीणों के सहयोग से घाघरा थाना ले जाया गया। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया और दोनों का इलाज करवाया। मामला डायन-बिसाही से जुड़ा लग रहा है।

## जनता को वैक्सीन देने की जगह अखबारों में वैक्सीन के विज्ञापन दे रही भाजपाः उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारत में कछुए की चाल से चल रहे कोरोना वैक्सीनेशन कार्यक्रम पर कई सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा कि देश में वैक्सीन तो नहीं है लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा अखबारों में वैक्सीन को लेकर बड़े-बड़े विज्ञापन छपवा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र दिल्ली को नियमित वैक्सीन की आपूर्ति नहीं कर पा रही लेकिन केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के अधिकारियों को टूलकिट भेज उनपर %धन्यवाद मोदीजी% का विज्ञापन छपवाने के लिए धमकियां देते हुए दबाव बनाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे के अखबारों में केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने मोदी जी को धन्यवाद करते हुए 4-4 पेज का विज्ञापन दिया है। मोदी जी जनता को वैक्सीन चाहिए विज्ञापन नहीं। यदि जो पैसा विज्ञापन पर खर्च किया गया उसे वैक्सीन पर खर्च किया जाता तो जनता के लिए विदेशों से भी वैक्सीन खरीदी जा सकती थी। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस विज्ञापन को छापने के लिए केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार के अधिकारियों पर टूलकिट भेजकर दबाव बना रही है उन्हें धमका रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय



जनता पार्टी को शर्म आनी चाहिए कि एक तो जनता को वैक्सीन उपलब्ध नहीं करवा पा रही है ऊपर से अधिकारियों पर विज्ञापन के लिए दबाव बना रही है। उपमुख्यमंत्री ने मोदी जी से अपील करते हुए कहा कि यदि 2 महीने के भीतर केंद्र सरकार दिल्ली के हिस्से का 2.30 करोड़ वैक्सीन उपलब्ध करवा देती है तो दिल्ली सरकार का वादा है कि पूरी दिल्ली में धन्यवाद मोदीजी के विज्ञापन लगा देंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री जिस वैक्सीन कार्यक्रम को विश्व के सबसे बड़े फ्री वैक्सीन कार्यक्रम का दर्जा दे रहे है वो बड़ा हो न हो विश्व का सबसे लंबा और सबसे अव्यवस्थित वैक्सीन कार्यक्रम ज़रूर बन चुका है। और केंद्र सरकार के इस अव्यवस्था से भारत के वैक्सीन कार्यक्रम का बंटाधार हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने साझा किया कि दिल्ली को 2.94 करोड़ वैक्सीन की ज़रूरत थी लेकिन दिल्ली को अबतक सिर्फ 57 लाख वैक्सीन दी है। जिसमें दिल्ली सरकार द्वारा खरीदी गई वैक्सीन भी शामिल है। श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली को अभी 2.30 करोड़ वैक्सीन की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली को केंद्र सरकार वैक्सीन उपलब्ध करवा दे तो 3 महीने के भीतर पूरी दिल्ली को वैक्सीन लगाई जा सकती है। लेकिन केंद्र सरकार जुलाई के महीने में केवल 15 लाख वैक्सीन ही दे रही है, ऐसा ही चलता रहा तो पूरी दिल्ली का वैक्सीनेशन करने में 15-16 महीने लग जाएंगे।

## सोनिया गांधी ने बुलाई कांग्रेस के राज्य प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की मीटिंग



**नई दिल्ली ए)।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के नेताओं की मीटिंग बुलाई है। उन्होंने 24 जून को पार्टी के महासचिवों, राज्य के प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही होगी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इस मीटिंग में मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर चर्चा होगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस मीटिंग में किस खास मुद्दे को लेकर बात होगी। माना जा रहा है कि इस मीटिंग में मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर कुछ प्रस्ताव पास किए जा सकते हैं। इसके अलावा कांग्रेस में ही जारी अंतर्कलह को लेकर भी बात हो सकती है। बता दें कि कांग्रेस की यह मीटिंग ऐसे वक्त में होने वाली है, जब कई वरिष्ठ नेताओं ने बागी रुख अख्तियार कर रखा है। इसके अलावा राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों में अंतर्कलह गहरी हो गई है। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू खुलकर एक-दूसरे के खिलाफ आ गए हैं। इसके अलावा राजस्थान की बात करें तो एक तरफ सचिन पायलट गुट के विधायकों ने मोर्चा खोल रखा है तो वहीं बीएसपी से आए 6 विधायकों और 13 निर्दलियों ने भी सत्ता में हिस्सेदारी की मांग की है। इसके चलते लीडरशिप भी पसोपेश में है और फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है।

## विपक्ष ने टीकाकरण अभियान को भटकाने और लटकाने का काम किया है: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर टीकाकरण को लेकर भी गंदी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विश्व के इस सबसे बड़े अभियान को पटरी से उतारने का पूरा प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अभियान को हर हाल में सफल बनाने के प्रयास में जुटे हुए हैं और उनके ही प्रयासों से वर्ष के अंत तक पूरे देश में टीकाकरण का कार्य पूरा हो सकता है। बहुत जल्द भारत 'वैक्सीन युक्त और कोरोना' मुक्त होगा। श्री नड्डा के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर अनिल जैन, सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं टीकाकरण अभियान के संयोजक कुलजीत सिंह चहल और प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख नवीन कुमार भी थे। श्री नड्डा ने आज



डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में पुनः शुरु हुए टीकाकरण अभियान का निरीक्षण करते हुए कहा कि विपक्ष का काम इस अभियान को लटकाना, भटकाना और लोगों के अंदर भ्रम पैदा करने का रहा है, लेकिन विश्व के इस सबसे बड़े अभियान को मोदी सरकार बहुत तेजी से पूरा करने में जुटी है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने टीकाकरण के बारे में पहले जनता के अंदर सिर्फ भ्रम फैलाया, लेकिन अब वे खुद टीका लगवा रहे हैं तो बताइए उनका मन बदला या आत्मा क्योंकि अच्छे कामों को रोकने में भी उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

उन्होंने कहा कि देश की जनता सभी पार्टी के नेताओं को देख रही है और उसे पता है कि कौन जनता और देशहित में जुटे हैं और कौन केवल दिखावा कर रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर कोरोना काल में गायब हो जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनसेवा में जुटी हुई है। श्री नड्डा ने कहा कि देश में अभी 12 कंपनियां वैक्सीन का उत्पादन कर रही है और आने वाले समय में 17 कंपनियों को वैक्सीन उत्पादन करने का अधिकार होगा। विदेशों से भी वैक्सीन आनी शुरु हो गई है। ऐसे में इस साल के अंत तक यानि दिसंबर माह तक 257 करोड़ वैक्सीन मिल जाएगी और भारत डबल डोज लगाने में पूरी तरह से कामयाब रहेगा।

### कोरोना से मरने वालों के परिवार को नहीं मुआवजा यह क्रूरताः राहुल गांधी

**दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोविड-19 महामारी के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने में केंद्र द्वारा असमर्थता जताए जाने को लेकर सोमवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार की क्रूरता है। उन्होंने ट्वीट किया जीवन की क़ीमत लगाना असंभव है- सरकारी मुआवज़ा सिर्फ़ एक छोटी सी सहायता होती है लेकिन मोदी सरकार यह भी करने को तैयार नहीं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, कोविड महामारी में पहले इलाज की कमी, फिर झूठे आंकड़े और ऊपर से सरकार की यह क्रूरता। गौरतलब है कि केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में कहा है कि कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चार चार लाख रुपये का मुआवजा नहीं दिया जा सकता क्योंकि यह वित्तीय बोझ उठाना

## सरकार मानती नहीं दिखती, लगता है इलाज करना ही पड़ेगाः टिकैत

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत ने ट्वीट कर किसान आंदोलन को तेज करने की बात कही है। टिकैत ने ट्वीट किया, ÷सरकार मानती ही नहीं। लगता है इलाज करना ही पड़ेगा। ट्रैक्टरों के साथ अपनी तैयारी रखो। जमीन बचाने के लिए आंदोलन तेज करना होगा। ज्ञात हो कि इससे एक दिन पहले भी राकेत टिकैत ने कहा था कि केंद्र सरकार यह गलतफहमी अपने दिमाग से निकाल दे कि किसान चुपचाप वापस चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान तभी वापस जाएगा, जब मांगें पूरी



हो जाएंगी। हमारी मांग है कि तीनों कृषि कानून रद्द किए जाएं और एमएमसी पर कानून बने। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के बीच दिल्ली बॉर्डर पर केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन जारी है। राजधानी दिल्ली से लगी सीमा पर किसानों के प्रदर्शन को 200 से ज्यादा दिन हो गए हैं। इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों को बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा अगर सरकार उम्मीद कर रही कि आंदोलन खत्म हो जाएगा तो यह उसकी गलतफहमी है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 40 किसान संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। एसकेएम ने दावा किया कि कई राज्य सरकारें आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

## मतभेद न हों तो लोकतंत्र कैसा, सोनिया-राहुल मेरे बॉस : सिद्धू

**नई दिल्ली (ए)।** नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि विचारधाराओं में मतभेद होता है। और मतभेद न हों तो लोकतंत्र कैसा। नवजोत सिंह सिद्धू ने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मेरे बॉस हैं। पंजाब कांग्रेस में झगड़ा सुलझाने की कवायद जारी है।



इस भी झगड़े को लेकर आज पार्टी के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि विचारधाराओं में मतभेद होता है। और मतभेद न हों तो लोकतंत्र कैसा। नवजोत सिंह सिद्धू ने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मेरे बॉस हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, मुझे लगता है कि ये विचारधारा की लड़ाई है। मैंने यह नहीं कहा कि पंजाब कांग्रेस में सबकुछ ठीक है। यहां सवाल किसी पद का नहीं है और ना ही फलाना बनाम फलाना का है। मैंने कभी पार्टी का अनुशासन भंग नहीं किया है। बल्कि पार्टी फोरम में अपनी बात रखी है। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, इस वक्त पंजाब को सिर्फ दो परिवार चला रहे हैं। वह कहते हैं- अब मेरी बारी, अब तेरी बारी। इतना ही नहीं सिद्धू ने सीएम अमरिंदर के उस प्रस्ताव पर भी कटाक्ष किया, जिसमें विधायक के बेटे को सरकारी नौकरी देने की बात कही गई है। सिद्धू ने कहा, क्या किसी विधायक के बेटे को सरकारी नौकरी देना जनता के हित में है? अगर ऐसा है तो मैरिट वालों का क्या होगा। सिद्धू ने आगे कहा जिस परिवार में कोई कमाने वाला ही नहीं है, उसपर सरकार कोई तरस नहीं खा रही और जिसके पास करोड़ों रुपए की जमीन है, पद हैं, उसे नौकरी दे रहे हैं। ऐसा करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, सरकार जनता के पैसों से चलती है। लेकिन सरकार अपनी कुर्सी बचाने के लिए विधायकों के बेटों को नौकरी दे रही है।

### कोरोना से जंग लड़कर 25 साल के युवक ने एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

**मुंबई, (ए)।** मुंबई से सटे वसई के रहने वाले 25 साल के हर्षवर्धन जोशी ने कोरोना वायरस को मात दे कर माउंट ऐवरेस्ट पर चढ़ाई पूरी कर लोगों के सामने मिसाल पेश किया है. हर्षवर्धन ने एक साक्षात्कार में कहा कि उनका एवरेस्ट मिशन बेहद मुश्किल और संघर्ष भरा था. जहां एक तरफ खूबसूरत पहाड़ का नजारा और दिल को छू लेने वाला वातावरण था वहीं दूसरी तरफ कैंप में दस्तक दे चुके कोरोना वायरस ने सबको डरा दिया था. महामारी से सब लोग सतर्क हो गए थे और यात्रा ठीक से नियंत्रण के साथ चल रही थी, लेकिन तभी वो और उनकी टीम के कुछ सदस्य कोविड पॉजिटिव पाए गए. हैरानी की बात ये रही कि आखिर कोविड 19 कैंप में कैसे दाखिल हुआ इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है. वहीं कोविड से संक्रमित होने के चलते टीमें बेस कैंप में एक-दूसरे से दूरी बनाए हुए थीं।

## प्रियंका गांधी का मिशन 2022 शुरू, 50 नेताओं को किया फोन

**लखनऊ, ए)।** उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाल लिया है। इसके लिए उन्होंने इस साल अगस्त तक राज्य में 200 उम्मीदवारों के नाम तय करने का लक्ष्य तय किया है। इसी के तहत उन्होंने पार्टी नेताओं से फोन पर चर्चा करना भी शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के 50 नेताओं से फोन पर बातचीत की और चुनाव की तैयारियों में जुट जाने के लिए कहा। उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी ने निर्धारित किए गए लक्ष्य पर पार्टी ने कामकाज शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने अलग-अलग जोन के नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के 50 नेताओं को फोन करके स्पष्ट कर दिया है कि आगामी चुनाव में उनका टिकट पक्का है और वो तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने नेताओं से अपने-अपने इलाकों की समस्याओं पर ध्यान देने के लिए कहा है। इसके साथ ही अधिक-से-अधिक लोगों की मदद करने की भी अपील की है।



## वैक्सीन लग गई तो बाजार भी खुले रहेंगे और मेहनत-मजदूरी भी चलती रहेगीः सीएम चौहान

**नई दिल्ली (ए)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अब हमें न अपनो को अपनो से बिछड़ने देना है, न काम-धंधा बिगड़ने देना है। कोरोना से बचने का सबसे प्रभावी तरीका वैक्सीन लगवाना है। यदि वैक्सीन लग गई तो बाजार भी खुले रहेंगे और मेहनत-मजदूरी भी चलती रहेगी। सीएम चौहान ने कहा कि दुनिया भर के लोग और वैज्ञानिक कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जता रहे हैं और इस लहर को रोकने के लिए ही टीकाकरण का अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर शुरू किया है। सीएम चौहान ने आज टीकाकरण अभियान के प्रेरक के रूप में भोपाल के अन्ना नगर क्षेत्र के लोगों से संवाद कर रहे थे। दुनिया के सबसे बड़े मुफ्त टीकाकरण अभियान के अंतर्गत प्रदेश में एक साथ 7 हजार केन्द्रों पर एक दिन में 10 लाख से अधिक टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। सीएम चौहान ने इस अभियान में अन्ना नगर क्षेत्र की जनता से सम्पर्क किया। सीएम चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित थे। सीएम चौहान ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी दिलाया। सीएम चौहान ने कोरोना की दूसरी लहर की दिल दहला देने वाली पीड़ा को साझा करते हुए कहा कि हमें वैक्सीन ही तीसरी लहर से बचा सकती है। सरकार की चिंता अपने नागरिकों का जीवन सुधारने और लॉकडाउन जैसे बुरे वक्त को



रोकने की है। इसलिए 18 वर्ष के ऊपर के सभी नागरिक प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा उपलब्ध करवाई गई वैक्सीन हर हालत में लगवाएं। सीएम चौहान ने सबको मुफ्त वैक्सीन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना।

**रंगोली और हाथ से लिखे बैनरों से बना टीकाकरण का वातावरण:** सीएम चौहान के अन्ना नगर पहुंचने पर स्थानीय निवासी सुश्री आयशा ने पुष्प भेंट कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। अन्ना नगर निवासियों द्वारा सीएम चौहान के स्वागत में सड़क पर जगह-जगह रंगोली बनाई हुई थी। रंगोली में स्वागत के भाव के साथ-साथ कोरोना से बचाव और टीकाकरण के संदेश भी अभिव्यक्त हो रहे थे। ओ कोरोना कभी मत आना, जो परिवार से करे प्यार, वो वैक्सीन से कैसे इंकार की रंगोली और हाथ से लिखे छोटे बैनरों से बस्ती में अभियान का वातावरण बना हुआ था।

**वैक्सीन कोरोना का हेलमेट है- जरूर लगवा लेना:** सीएम चौहान ने अन्ना नगर बस्ती की अश्विनी यादव, प्रियंका सिंह, राहुल सहित कई युवाओं और वृद्धजन से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और दुकानों व घरों में जाकर जनसामान्य से बात कर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। सीएम चौहान ने कहा कि ÷वैक्सीन कोरोना का हेलमेट है- जरूर लगवा लेना÷। बस्ती के जिन लोगों ने कहा कि हमने टीका लगवा लिया है, उन्हें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धन्यवाद दिया।

**वैक्सीन से न घबरायें और न अफवाहों पर ध्यान दें:** सीएम चौहान ने जनसंवाद के इस कार्यक्रम में मंच पर खड़े रहकर ही लोगों से बातचीत की। हम कोरोना के भयावह दिन लौटने नहीं देंगे। प्रदेश में फिर से दुकानें, काम-धंधा, मेहनत-मजदूरी बंद नहीं होगी। कोरोना की तीसरी लहर की पूरी दुनिया में आशंका है।

# वन विभाग की अनदेखी से 42 मोरों की मौत

### चावल और गेहूं में जहर मिलाकर षडयंत्र पूर्वक की गई है हत्या



मुरैना। वन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी एवं लापरवाही के चलते 42 की संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत जहरीला दाना चुगने से हो गई है, जब बुधवार को एक दर्जन मोरों की मौत हुई थी, उसी समय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सचेत हो जाते तो फिर से मोर नहीं मरते। बीती रात 30 मोरों की हत्या के बाद वन विभाग महकमे में हड़कंप मचा हुआ है और मृत मोरों का सोमवार की दोपहर बानमौर में पीएम कराया गया है।

शनिचरा वनक्षेत्र के दौलसा गांव में करीब 42 मोरों की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। मोरों के शिकार की घटनाएं पिछले तीन वर्ष पहले भी इसी इलाके के आसपास सामने आई थीं। इसके बाद फिर से इतनी बडी तादात में मोरों की मौत होने से वन विभाग के अधिकारियों में हडकंप मच गया। मोरों की मौत की वजह शिकार बताई जा रही है। शिकार की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने मोरों का पीएम बानमौर पशु अस्पताल में कराया गया, जहां तीन डॉक्टरों की टीम के द्वारा बिसरे के सैंपल जांच के लिए सुरक्षित सागर, जबलपुर और ग्वालियर तीन जगह भेजे गए है।

दौलसा गाँव के ग्रामीणों ने बताया कि 16 तारीख को करीब 12 मोरो की मौत हो गयी थी, उसके बाद रविवार को करीब 30 मोरों के शव खेतों में पडे मिले। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने बताया कि मोरों की मौत या तो प्यास से हुई है या फिर उनका शिकार हुआ है। मरने वाली मोरों में 13 नर व 29 मादा पक्षी शामिल है। जहां मोरों की मौत हुई है, वहां खेत के पास गंदे पानी का नाला निकल रहा था, उसी के पास किसी ने मोरों को मारने के लिए जहरीले चावल और गेहूं के दाने डाल दिये थे, जिसे खाने के बाद मोरों की मौत हुई हैं। इस मामले में मोरों की सामूहिक मौत को शिकारियों से जोडकर भी देखा जा सकता है क्योंकि इससे पहले इसी इलाके के आसपास मोरों की मौत जहरीले दाने को खाकर हुई थी, जो शिकारियों ने यहां फैलाए थे। वन विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया होता तो आज इतनी मोरों की मौत नहीं हो पाती। अगर समय रहते शिकारियों को पकड लिया जाता तो राष्ट्रीय पक्षियों का शिकार नही होता। इसमें कहीं न कहीं आला अधिकारियों की बडी लापरवाही देखने को मिली हैं। कुछ दिन पहले हुई 12 मोरों की मौत के बाद वन विभाग कुम्भकर्ण की नींद से जाग जाता तो शायद 42 मोरों की मौत न होती। अब देखना होगा कि वन विभाग के अधिकारी शिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं या फिर राष्ट्रीय पक्षी की मौत के मामले को ठंडे बस्ते में डालकर गहरी नींद में सो जाते हैं।

## वन-टू-वन

### पोरसा अस्पताल ने लक्ष्य से 340 बैक्सीन ज्यादा लगा कर रिकॉर्ड बनाया

पोरसा। शासकीय अस्पताल पोरसा को 21 जून को बैक्सीन लगाने का लक्ष्य 4000 का मिला था इसके बदले में शासकीय अस्पताल ने 4340 वैक्सीन लगा कर के एक रिकॉर्ड बनाया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ ज्ञान प्रकाश पाराशर ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि आज शासन की ओर से हमें 4000 वैक्सीन लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था हमने अपने पूरे ब्लॉक में ग्रामीण क्षेत्र में 21 सेंटर एवं शहरी क्षेत्र में 4 सेंटर बनाकर टोटल 25 सेंटरों पर 4340 वैक्सीन लगाकर लक्ष्य प्राप्त किया।

### जैन मिलन में महिला जागृति संयोजिका बनी भावना



मुरैना। सामाजिक कार्यकर्ता भावना जैन को अब भारतीय जैन मिलन में राष्ट्रीय स्तर पर महिला जागृति विंग की संयोजिका भी बनाया गया है। यह दायित्व उन्हें जैन मिलन की मध्यक्षेत्र की राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष महेन्द्र जैन, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण जैन तथा महिला समिति की चेयर पर्सन शीला जैन ने सौंपी है। इस नई जिम्मेदारी के साथ वे महिलाओं को जागरुक बनाने संबंधी गतिविधियों का संचालन देखेंगी। उल्लेखनीय है कि भावना जैन भारतीय जैन मिलन की राष्ट्रीय संयोजिका भी हैं। इससे पहले संगठन में मुरैना की अध्यक्ष और संरक्षक रहीं भावना जैन के बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें ये महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जोन स्तर पर उन्हें महिला जागृति संयोजिका बनाये जाने पर जैन मिलन की पदाधिकारियों व सदस्यों ने बधाई दी है।

### न्यायलय में नियमित रूप से होगा कार्य संपादित

मुरैना। डॉ रश्मि वैभव शर्मा सहायक जिला अभिभोजन अधिकारी (मीडिया प्रभारी) जिला मुरैना ने बताया है कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से पूर्व में न्यायालय में आवश्यक कार्य हेतु निर्देशित किया गया था। वर्तमान समय में कोरोना के घटते मामलों को दृष्टिगत रखते हुए माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा सोमवार 21 जून से नियमित कार्य हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके तहत सिविल एवं आपराधिक मामलों में नियमित सुनवाई होगी।

## रोटरी क्लब कैम्प में 300 के टारगेट पर लगाई लगभग 400 वैक्सीन

**– जिला न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एसपी ने की भागीदारी**



मुरैना। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज मुरैना में कोविड-19 वैक्सीनेशन को गति प्रदान करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सहभागिता करते हुए रोटरी क्लब मुरैना ने टाउन हॉल जीवाजी गंज मुरैना केंद्र को सुंदर ढंग से सुसज्जित कर वैक्सीनेशन हेतु आने वाले लोगों के लिए प्रतीक्षालय, विश्राम, पीने का पानी, छाछ, स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था की एवं वैक्सीनेशन में शामिल होने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्वरूप शानदार लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया। शिविर का शुभारम्भ प्रातःकाल कलैक्टर वक्की कार्तिकेयन एवं पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार द्वारा किया गया। सोमवार को इस शिविर में कलेक्टर द्वारा 300 लोगों को वैक्सीन का लक्ष्य दिया गया था, जिसे पूर्ण करते हुए 400 से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। जिस हेतु रोटरी क्लब सदस्यों ने अपने कामकाज को छोडकर समर्पित भाव से इस कैम्प को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। शिविर का समापन एवं लकी ड्रा का निर्णय सुबोध कुमार जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय मुरैना द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वैभव विकास शर्मा, सी जे एम श्रीमती शिल्पा तिवारी ने किया। जिसमें प्रथम विजेता श्रीमती संध्या कुलश्रेष्ठ को जूसर मिक्सर ग्राइंडर, द्वितीय पुरस्कार गिर्राज कुमार जैन को इंडक्शन, तृतीय पुरुस्कार धारा सिंह को हैण्ड ग्राइंडर एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में सात इलेक्ट्रिक आयरन का वितरण किया गया। शिविर में रोटरी क्लब मुरैना की ओर से अध्यक्ष सीए प्रकाश अग्रवाल, डॉक्टर संजीव बाँदिल, राजकुमार गुप्ता, डॉ संजय शर्मा, नरेंद्र गर्ग, दिनेश मोदी, प्रदीप व्यास, दीपक मोदी, पवन गुप्ता , प्रमोद कुलश्रेष्ठ, नरेंद्र बंसल, तरुण शर्मा, अंशुल गोयल, गौरव मोदी, कमलेश बंसल आदि सदस्य उपस्थित रहे तथा आगुन्तकों के लिए पंजीयन, स्वल्पाहार, पेयजल आदि वितरण की व्यवस्था अध्यक्ष रोट्रेक्ट नैन्शी गुप्ता के मार्गदर्शन मे रोट्रेक्ट क्लब के किशोर सदस्यों अमन, अनुज, अजय, अंशिका, मुस्कान, वैशाली, शुभम आदि ने बहुत अच्छे ढंग से सँभाली।

## विश्व योग दिवस पर अंबाह नगर वासियों ने किया योगः प्राणायाम





अम्बाह। विश्व योग दिवस के उपलक्ष में आज अंबाह नगर में कई स्थानों पर योग प्राणायाम के कार्यक्रम हुए। कार्यक्रमों के अंतर्गत ब्राइट कैरियर एकेडमी में आर्ट ऑफ लिविंग एवं क्रीड़ा भारतीय और रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक पंडित बालकृष्ण शर्मा अरविंद मावई और सुधीर आचार्य ने योग प्राणायाम कराएं। पंडित बालकृष्ण शर्मा ने योग शुभारंभ पर कहा के योग प्राणायाम को दैनिक जीवन का अंग बनाएं जिससे हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। यहां मुख्य रूप से दिव्यांगों ने भी योग प्राणायाम में भागीदारी की और कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण भी किया गया।इस मौके पर सहयोगी के रुप में रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा विश्वनाथ गुर्जर दुष्यंत तोमर मुख्य रूप से उपस्थित थे। दूसरा मुख्य आयोजन नेहरू पार्क और जैन बगीची में हुआ जहां भाजपा नेता जिनेश जैन ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा कल्ला कविंद्र सिंह तोमर बच्चू लाल गुप्ता गजेंद्र सिंह तोमर गणेश सिंह तोमर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। पीजी कॉलेज अंबाह में प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर जी की उपस्थिति में एनएसएस और राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने योग किया।

### 95% लंग इन्वॉल्वेंट के बाद 62 दिन में जीती कॉरोना से जंग



मुरैना। जिला चिकित्सालय मुरैना के पदस्थ डॉ कृष्णा मोर्य के पिता 65 वर्षीय सोवरन सिंह को 18 अप्रेल 2021 को कोविड संक्रमण हुआ। उस समय चल रही ऑक्सीजन की कमी और बेड की किल्लत के बीच मुरैना सिविल सर्जन डॉ अशोक गुप्ता की निगरानी में उन्हे ग्वालियर के गजरा राजा चिकत्सा महाविद्यालय के सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। 30 दिन तक वह वेंटिलेटर पर रहे। डॉ धर्मेन्द्र तिवारी, डॉ देवेन्द्र कुशवाह, डॉ कनिका, डॉ कृष्णाप्रिया और डॉ अभिमन्यु के अथक प्रयास से 62 दिन बाद वह पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर घर लौट रहे है। जीवन में उम्र के इस चरण पर भी ऐसा मनोबल हम सबको उम्मीद और हिम्मत प्रदान करता है।

# वैक्सीनेशन करता है सुरक्षा कवच के रूप में कामः विधायक कमलेश जाटव





अम्बाह द्य बेसिक महामारी कोविड-19 को हराने के लिए और खुद को सुरक्षित करने के लिए कोरोना वैक्सीन लगवाना आवश्यक हैद्य विधायक कमलेश जाटव ने कहा कि वेक्सीन लगवाने के बाद या तो कोरोना बिल्कुल नहीं होगा और यदि हो गया तो इसका अधिक असर नहीं होगा एवं इसके लगने से जीवन को कोई खतरा नहीं होगा द्य श्री जाटव ने आज अम्बाह शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन सेंट्रो पर पहुंचकर वैक्सीनेशन लगवा रहे लोगों से मिले साथ ही उन्होंने सेंटरों पर अपने साथियों को साथ ले जाकर वैक्सीनेशन भी लगवाई द्य मुरैना जिले के अम्बाह पोरसा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित टीकाकरण के महाअभियान के शुभारंभ इस अवसर पर , क्षेत्रीय विधायक कमलेश जाटव पहुंचे और संबोधित करते हुए उन्होंने मंच पर कोरोना वैक्सीन का मंगल टीका लगवा रहे लोगों से अपील की आपके साथ साथ आपके रिश्तेदार पड़ोसियों को भी वेक्सीन अवश्य लगाएंद्य वेक्सीनेशन एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करता है आपको बता दें क्षेत्रीय विधायक कमलेश जाटव ,एसडीएम राजीव समाधिया,मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा ने वैक्सीनेशन महा अभियान में पिछले चार-पांच दिन से लगातार जनता से मिलकर व्यक्ति वैक्सीन लगवाने की अपील कर रहे थे द्य विधायक, प्रशासन की मेहनत से अम्बाह पोरसा में वैक्सीनेशन का जो टारगेट था उससे अधिक लगी है ।

## इंजीनियर ने किया सिविल अस्पताल में हॉस्पिटल बेड भेट



अंबाह । अंबाह सिविल हॉस्पिटल में सुशील जैन इंजीनियर ने बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ अंबाह के अध्यक्ष विजय गुप्ता की उपस्थिति में सिविल अस्पताल के लिए डॉ. डी एस यादव को हॉस्पिटल में एक हॉस्पिटल बेड भेंट किया द्य भेट करते हुए इंजीनियर ने कहा ही हम सब का दायित्व है कि हॉस्पिटल में आने बाले मरीजो को अच्छी से अच्छी सुविधाएं मिल सकें सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के साथ-साथ हम सब का भी दायित्व बनता है द्य कि अपने शहर के हॉस्पिटलों को समय-समय पर देखते रहना चाहिए द्य हॉस्पिटलों में जो भी कमी है उन सब में हमको भी अपनी अपनी भूमिका का निर्भयन करना चाहिए यह हमारा परम कर्तव्य होता है । अस्पतालों में मरीजों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें आज मेरे द्वारा सिविल हॉस्पिटल को जो हॉस्पिटल बेड दीया गया है द्य वह कहीं ना कहीं मरीजों को उपचार के काम आएगा।

## बच्चों की पढ़ाई बरकरार रखने वितरित की शैक्षणिक सामग्री



अम्बाह। युवा समाजसेवी एवं किसान कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामू प्रजापति द्वारा नगर की पिछड़ी बस्तियों में जाकर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। रामू प्रजापति ने बताया कि कोरोना काल के चलते पिछले वर्ष से ही बच्चों की पढ़ाई बंद है। ऐसी स्थिति में उनका अध्ययन बरकरार बना रहे इसलिए उनको किताबों सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट की व साथ ही बच्चो को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

इस दौरान शिक्षक पंकज प्रजापति द्वारा बच्चों को नवोदय और सैनिक स्कूल के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षक अनिल गोले द्वारा बच्चो को पढने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर रवि गोले, अजीत प्रजापति, विष्णु चक्रवर्ती, सुरजीत प्रजापति, सूरज प्रजापति, सौरभ गहलोत, मोहित प्रजापति, राजू प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## अच्छा स्वास्थ्य और व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है योग




अंबाह। कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास करता रहता है लेकिन किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दो चीजें महत्वपूर्ण हैं स्वास्थ्य और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता, इन दोनों को प्राप्त करने का एक ही माध्यम है योग ।योग से बेहतर स्वास्थ्य मिलता है और चित्त की वृत्तियों को स्थिरता भी ।उपरोक्त विचार अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने योग दिवस पर कैडेटों के समक्ष सोशल मीडिया प्लेटफार्म के द्वारा व्यक्त किये।

सातवें विश्व योग दिवस के अवसर पर ÷स्वास्थ्य के लिए योग÷ थीम पर अंबा महाविद्या के एनसीसी कैडेटों ने कोरोना काल में अपने घर पर रहकर परिवार जनों के साथ योग करते हुए योग दिवस को मनाया इस अवसर पर कैडेटों में कविताओं ,लेख ,पेंटिंग के द्वारा भी व्यक्तियों में योग को अपनाने हेतु प्रेरित किया ।

30 मध्य प्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा ने समस्त एनसीसी कैडेटों को अपने जीवन में योग को अपनाने हेतु आव्हान करते हुए इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता को बताया तथा योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करने को कहा।

अंबाह महाविद्यालय के समस्त एनसीसी अधिकारी मेजर वीके जैन, कैप्टन मनोज शर्मा तथा लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने भी योग दिवस पर के अवसर पर समस्त एनसीसी कैडेटों को शुभकामनाएं दी ।

विश्व योग दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योग शपथ ली और योग क्विज कार्यक्रम में भी भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी में जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का करेंगे निरीक्षण



शिवपुरी। राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी आ रहे हैं बस सुबह 11:30 बजे ग्वालियर से होते हुए शिवपुरी आएंगे मेडिकल कॉलेज के बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे फिर निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे उसके बाद वह कोलारस,बदरवास आदि जगहों पर कार्यकम में भाग लेंगे।

## पोहरी में खाद बीज संकट के चलते कांग्रेस ने किया चक्का जाम



**शिवपुरी।** खबर जिले के पोहरी क्षेत्र की हैं जहाँ खाद बीज के संकट से परेशान किसान सोमवार को कांग्रेस नेता की अगुवाई में चक्का जाम कर बैठे कुछ देर पहले तक नेता सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन पर उतारू थे खाद बीज न मिलने को लेकर किसानों सहित यूथ जिला अध्यक्ष कांग्रेस ने कृषि विभाग के ऑफिस के पास चक्का जाम किया नेता शिवांश जैमनी का कहना है कि बीते 10 दिनों से किसान चक्कर लगा रहे हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है अधिकारी मिलते नहीं शादी में होने की बात कहते हैं या यहां वहां होने की बात कहते हैं जब तक खाद बीज का संकट खत्म नहीं होगा आंदोलन यू ही जारी रहेगा

## सेल्फी प्वाइंट बने आकर्षण का केंद्र



शिवपुरी। जिले में वैक्सीनेशन महाअभियान में सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहे। जिले में 177 वैक्सीनेशन केंद्रों पर वैक्सीन लगवाने के लिए लोग आए और उनमें सेल्फी लेने का उत्साह देखा गया। विशेषकर युवाओं में वैक्सीन लगवाने के बाद सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर सेल्फी लेने का अधिक उत्साह था। सभी केंद्रों पर वैक्सीन लगवाने आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किए गए जिसमें न केवल युवा वर्ग, बल्कि बुजुर्गों ने भी रुचि दिखाई और वैक्सीन लगवाने के बाद सेल्फी ली और कहा कि हमने वैक्सीन लगवा ली है अब आपकी बारी है। सभी इस अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाएं।

### कोविड-19 से बचने के लिए टीकाकरण सबसे बड़ा सुरक्षा कवच

# श्री शिवराज सिंह चैहान ने दतिया जिले के ग्राम परासरी में किया टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ




दतिया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा है कि वैश्विह महामारी कोविड-19 को हराने के लिए और खुद को सुरक्षित करने के लिए कोरोना वैक्सीन लगवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगवाने के बाद या तो कोरोना विलकुल नहीं होगा और यदि हो गया तो इसका अधिक असर नहीं होगा एवं इसके लगने से जीवन को कोई खतरा नहीं होगा। श्री चैहान सोमवार को दतिया जिले के ग्राम परासरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित टीकाकरण के महाअभियान के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच पर पांच लोगों को प्रतीक स्वरूप कोरोना वैक्सीन का मंगल टीका लगवाकर महाअभियान का शुभारंभ किया। यह महाअभियान पूरे प्रदेश में एक साथ चलाया जा रहा है। प्रदेश मे 21 जून को 10 लाख लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। दतिया जिले में आज 8 हजार लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक श्रीमती रक्षा संतराम सिरोनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुधौलिया, संभागीय कमिश्नर आशीष सक्सैना, डीआईजी सचिन अतुलकर, कलेक्टर संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर एवं जनप्रतिधिगण, पत्रकार, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चैहान ने कहा कि कोरोना वैक्सीन जीवन के लिए संजीवनी का कार्य करती है। इसके लगने से दर्द भी नहीं होता है। किसी-किसी को थो?ा बहुत बुखार आता है। लेकिन जिंदगी पूरी तरह से सुरक्षित हो जाती है। इसलिए सभी लोग खुद भी वैक्सीन लगवाएं एवं अन्य लोगों को भी लगवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से खुद को भी सुरक्षित करना है एवं अपने बच्चों को भी सुरक्षित करें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि वैक्सीन लगवाने के बाद भी गाइड लाइन का पालन करना है। इसके लिए मास्क का उपयोग करें, आवश्यक दूरी बनाए रखें, भी?-भा? में नहीं जाएं, आवश्यक होने पर ही घर से निकले तथा समय-समय पर साबुन से हाथ धोएं या सैनेटाइजर का उपयोग करते रहें।



## सांसद के पी यादव ने किया शुभारंभ







नवनीत एक्सप्रेस अशोक नगर। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद डॉ.के.पी.यादव द्वारा सोमवार को वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल अशोकनगर में किया गया। महा अभियान का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद तथा सरदार भगत सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल?यार्पण कर किया।इस अवसर पर सांसद डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख?यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज से कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान प्रारंभ हुआ है। यह अभियान 30 जून 2021 तक चलेगा। इस अभियान में आमजन बढ चढकर हिस्सा लें और लोगों को जागरूक करें। साथ ही स्वंय अपने परिवार तथा समाज के लोगों को कोरोना वैक्सीनेशन कराये जाने के लिए प्रेरित करें।इस अवसर सांसद डॉ.के.पी.यादव ने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ.अनुज रोहतगी, सीएमएचओ डॉ.हिमांशु शर्मा,एसडीएम रवि मालवीय,सिविल सर्जन डॉ.जे.आर.त्रिवेदिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आज इन फीडरों पर बंद रहेगा विद्युत प्रवाह




शिवपुरी।

प्री मानसून रखरखाव एवं आवश्यक मेन्टीनेंस कार्य किए जाने के कारण 33 के.व्ही.होमगार्ड फीडर, 33 के.व्ही.भेडफार्म फीडर पर 22 जून को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

22 जून को उक्त फीडरों के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक जाधव सागर रोड, स्टेडियम रोड, हवाई पट्टी, महल सराय, जवाहर कालोनी, अम्बेडकर कालोनी, पीएसक्यू लाईन, यादव मोहल्ला, ब?ा बाजार, महल सराय, हरिजन बस्ती, शीतौले की कोठी, इमामबा?ा, जवाहर कालोनी, विजयपुरम, कृष्णपुरम, महावीरनगर, महल कालोनी, शंकर कालोनी, खे?ापति कालोनी, लुहारपुरा, वीर सावरकर कोलोनी, गोविंद नगर, तलैया मोहल्ला, नीलघर चैराहा, दीनदयाल पुरम, अहीरपुरा, राजपुरा रोड, छोटा लुहारपुरा, गणेश गली, गुलम्बर तारकेश्वरी कालोनी, बडा बाजार, मानक चैक, बजरिया मोहल्ला, गुना नाका, इंडस्ट्रीय एरिया, लुधावली, गौशाला, माधव नगर, गणेश कालोनी, नबाव सहाब रोड, मनियर पार्क, वर्मा कालोनी, टोगरा रोड के पास आईटीबीपी गेट के सामने राईन मार्केट, राघवेन्द्र नगर क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## कलेक्टर ने भ्रमण कर टीकाकरण महाअभियान की व्यवस्थाओं का लिया जायजा





अशोक नगर। जिला कलेक्टर अभय वर्मा ने कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के सफल संचालन हेतु बनाये गये वैक्सीनेशन सेंटरों पर जाकर टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सेंटरों पर आने वाले लोगों से बातचीत की। साथ ही उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने परिवार, रिश्तेदार तथा अपने पडोसियों को टीकाकरण महाअभियान के बारे में प्रेरित करे और अधिक से अधिक टीका लगवाने में अपना सहयोग दें। पीले चावल देकर किया आमंत्रित कलेक्टर वर्मा ने सोमवार को शंकर कालोनी के वार्ड क्रमांक 05,06,07 एवं 08 में पहुंचकर वार्ड के निवासियों को पीले चावल देकर कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दौरान शत प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने का आव?हान किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के माध?यम से कोरोना को परास्त किया जा सकता है। यह जीवन की संजीवनी है। वैक्सीनेशन सेंटरों का किया निरीक्षण कलेक्टर वर्मा ने शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकर कालोनी तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 पछाडीखेडा वैक्सीनेशन सेटरों पहुंचकर भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर डॉ.अनुज रोहतगी,तहसीलदार रोहित रघुवंशी,जिला शिक्षा अधिकारी ए.एन.मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं एसपी राजेश सिंह चंदेल की मौजूदगी में हुआ वैक्सीनेशन कैंप शुरू





शिवपुरी। शहर के विष्णु मंदिर के सामने स्थित प्रेम स्वीट्स के निवास प्रेम विला पर सोमवार को 10 दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर का शुभारंभ जोरदार ढंग से किया गया यहां राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सिस्टर अलका श्रीवास्तव ने रेहाना खान को प्रथम वैक्सीन लगाई बता दें कि यह वैक्सीनेशन कैंप कैबिनेट मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मदिन पर प्रेरणा और संकल्प लेते हुए राजेश जैन राजू ने वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले शिविर आयोजित किया सोमवार दिनांक 21 जून को प्रदेशभर के साथ यहां भी कोरोना किलर वैक्सीनेशन का महा अभियान शुरू हुआ।

**कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं एसपी राजेश सिंह चंदेल की खास मौजूदगी में कार्यक्रम में चार चांद लगे**

शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने वैक्सीन लगवा रहे लोगों और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सिस्टर अलका श्रीवास्तव का हौसला बढ़ाया बाद में राजेश जैन राजू की पूज्य माता जी से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक व्यक्ति लगवाना है जिससे लोग सुरक्षित हो सके तो वही वैश्य महिला जिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन,जिला अध्यक्ष श्रीमती रेणु अग्रवाल,नगर अध्यक्ष भारती जैन, जिला महामंत्री विनीता जैन,ने कलेक्टर को विश्वास दिलाया कि हम महिला वार्ड-वार्ड और बस्ती बस्ती जाकर आमजन को वैक्सिंग के लिए प्रेरित करेंगे आज के हैं कार्यक्रम में महिला इकाई की भूमिका शहर नहीं है वही वैक्सीन के स्वागत समारोह उपरांत राजेश जैन राजू ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और सबके साथ स्वप्ल्हार के साथ आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई इस मौके पर राजेश जैन राजू शिवपुरी कलेक्टर के साथ मौजूद रहे

**पहले कैंप हुआ उदघाटित**

इससे पहले सुबह 10:00 बजे विशाल कैंप का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि बीजेपी जिला अध्यक्ष राजू भारतम् डॉक्टर संजय ऋषिस्वर टीकाकरण अधिकारी सिविल सर्जन डॉक्टर राजकुमार ऋषिस्वर होटल पीएस के संचालक पवन जैन युवा नेता सिद्धार्थ लड़ा सांसद प्रतिनिधि है डॉक्टर सुनील वर्मा पूर्व अध्यक्ष अभिभाषक संघ एस एन भान पत्रकार संजीव बंसल रईस खान गुड्डू मुकेश जैन सूरज जैन तेजमल सांखला एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री भरत अग्रवाल जिला अध्यक्ष हरिओम जैन जिला प्रभारी अजीत भैया जिला महामंत्री राजेश जैन राजू प्रेम स्वीट्स एवं जिला महामंत्री रमन अग्रवाल की मौजूदगी में कैंप शुरू हुआ मंच का जोरदार संचालन प्रेम स्वीट्स के संचालक राजेश जैन राजू ने किया मंचासीन राजू बाथम डॉक्टर संजय ऋषिस्वर राजकुमार ऋषिस्वर पत्रकार विपिन शुक्ला को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जबकि मौके पर मौजूद वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई प्रीति जैन,रेणु जैन, भारती जैन, विनीता जैन,सिस्टर अलका श्रीवास्तव, को शॉल श्रीफल देखकर उनका सम्मान किया कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर किया गया राजू बाथम ने किया। डॉक्टर राजकुमार ऋषिस्वर ने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से जिला अस्पताल कोरोनावायरस लड़ा सका डॉक्टर सुशील वर्मा ने कहा कि मास के बेहद जरूरी है अब 2 गज नहीं बल्कि जिले में कोरोनावायरस मिलने के बाद अब 4 फीट की दूरी जरूरी हो गई है सभी अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया कैंप के स्पेशल गेस्ट कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल के साथ एडीएम उमेश शुक्ला एसडीएम अरविंद बाजपेई तहसीलदार बीके कुशवाहा पूर्व सिविल सर्जन गोविंद सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी संजय ऋषिस्वर सिविल सर्जन डॉ राजकुमार ऋषिस्वर सीएमएचओ डॉ अर्जुन लाल शर्मा आई पी गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रेम स्वीट्स के संचालक राजेश जैन राजू ने कहा कि हमारी परम आदरणीय यशस्वी कैबिनेट मंत्री श्री मंत यशोधरा राजे सिंधिया जी के जन्मदिन पर प्रेरणा और संकल्प लेते हुए वैश्य महासम्मेलन जिला शिवपुरी में निर्णय लिया कि हम एक विशाल मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन स्थानीय प्रेम विला विष्णु मंदिर के पास छतरी रोड पर करेंगे यही वजह है कि प्रेम स्वीट्स परिवार यानी हमारा परिसर में सोमवार 21 जून से लेकर 30 जून तक कैंप आयोजित किया जा रहा है इस मेगा कैंप की खासियत है कि यह कैंप लगातार 7 दिन चलेगा जिसमें प्रतिदिन अधिक से अधिक वैक्सीनेशन हो सके लोक सुरक्षित हो सके।

## आंदोलन का रुख

दिल्ली के सिंघू बॉर्डर से लेकर टीकरी बॉर्डर और यहां तक कि गाजीपुर बॉर्डर पर भी किसानों का जमावड़ा अब भी है। कभी टेंट बढ़ते तो कभी घटते हैं, कभी ट्रैक्टरों की संख्या बढ़ जाती तो कभी घट जाती है, किसानों की तादाद भी घटती-बढ़ती रहती है, आंदोलन की रूपरेखा भी काफी कुछ बदल गई, लेकिन एक बात जो नहीं बदली, वो है किसानों का रुख, जो अब भी कहते हैं कि जब तक उनकी मांगें मानी



नहीं जाती, तब तक वो बॉर्डर खाली नहीं करेंगे। पिछले माह जब केंद्र सरकार ने एमएसपी में बढ़ोतरी की थी, तो लगा था कि किसान आंदोलन का रास्ता छोड़ेंगे और नए कानूनों पर भरोसा जताएंगे, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। आंदोलन का दिन लगातार बढ़ता जा रहा है और सहमति की गुंजाइश उसी तरह खत्म होती जा रही है। आंदोलन का समाधान क्या हो, यह बहस का विषय जरूर है। यह अपने आप में विचित्र है कि एक ओर किसान अपनी मांगों को लेकर आज भी मोर्चे पर डटे हैं, दूसरी ओर सरकार ने इस मसले पर जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह समस्या के किसी ठोस हल तक पहुंचने का रास्ता नहीं लगता। सवाल है कि किसान जिन सवालों को केंद्र में रख कर आंदोलन कर रहे हैं, क्या वह सही है। दरअसल, किसानों की एक सबसे अहम मांग यह है कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने को लेकर एक विशेष कानून बनाए। इस लिहाज से सरकार कह सकती है कि उसने खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्यों में बढ़ोतरी करके किसानों के हित में ठोस कदम उठाया है और ऐसा करके उसने आंदोलन कर रहे किसानों को सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की है। यह गौरतलब है कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा हर साल का एक नियमित अभ्यास रहा है। इसके तहत साल भर में दो बार फसलों पर इस तरह के समर्थन मूल्य में इजाफे की घोषणा होती है। हालत यह है कि पिछले कई महीने से सरकार और किसान आंदोलन के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत का दौर तक बंद है। इसके बावजूद किसान तीनों नए कृषि कानूनों को खत्म करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी सुनिश्चित करने वाले कानून की अपनी मांग पर कायम हैं। यों करीब चार महीने के बाद अब सरकार को एक बार फिर ऐसा लगने लगा है कि किसानों से वार्ता शुरू होनी चाहिए तो इससे थोड़ी उम्मीद जरूर बंधती है। लेकिन केंद्रीय कृषि मंत्री की ओर से आए इस बयान में जिस तरह शर्त आधारित बातचीत शुरू करने के संकेत मिलते हैं, उससे साफ है कि इस मसले पर किसी हल तक पहुंचने में शायद वक्त लगे। दरअसल, पिछले सात महीने के दौरान सरकार अक्सर यह कहती रही है कि किसानों को आंदोलन की मांगों को लेकर तार्किक आधार पर बात करनी चाहिए। सवाल है कि अब तक सरकार की ओर से ऐसे तर्क क्यों नहीं रखे गए हैं, जो किसानों को सहमत कर दे और वे अपना आंदोलन वापस ले लें। जाहिर है, तीनों नए कृषि कानूनों के साथ-साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने वाला कानून बनाने के मुद्दे पर सरकार ने ऐसा कोई प्रस्ताव सामने नहीं रखा है, जिस पर किसान अपनी मांगों के संदर्भ में विचार करने पर तैयार हों। हालांकि केंद्रीय कृषि मंत्री के लगातार दूसरी बार संकेत के जरिए सरकार यह दर्शाना चाहती है कि वह इस मसले पर गंभीर है।

# असली मकसद जमीन घोटाला नहीं श्रीरामजन्म भूमि पर श्रीराम मंदिर का विरोध करना है

**अशोक भाटिया)**

भाजपा ने राम मंदिर निर्माण का अपना बड़ा वादा पूरा किया है और योजना के अनुसार 2024 से पहले अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर बन भी जायेगा। जाहिर-सी बात है कि इसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलेगा ही। इसके साथ ही छह-सात महीने बाद जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव होंगे तब भी भाजपा राम मंदिर बनाने का अपना वादा पूरा करने की बात मतदाताओं को याद दिलायेगी, ऐसे में इस मुद्दे का भाजपा को जरा-सा भी राजनीतिक लाभ नहीं हो इसलिए इस तरह के आरोप गढ़ दिये गये हैं। इसके साथ ही देश में कुछ ऐसी ताकतें भी सक्रिय हैं जोकि नहीं चाहतीं कि देश में चल रही बड़ी योजनाएं साकार हों। यह ताकतें नहीं चाहतीं कि देश में सैंकड़ों वर्षों तक अनसुलझे रहे मुद्दे कभी सुलझें। इसलिए कभी सेंट्रल विस्टा के निर्माण की राह में बाधाएं खड़ी करने के प्रयास किये जाते हैं तो कभी श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े ट्रस्ट को संदेह के घेरे में लाकर मंदिर निर्माण की राह में बाधा खड़ी करने का प्रयास किया जाता है। आरोप लगाने वालों की माँग है कि इस मामले की सीबीआई और ईडी से जाँच हो और एजेंसियां भूमि खरीद के सभी मामलों के साथ ही जनता से मिले चंदे की राशि का भी ऑडिट करें। यानि आरोप लगाने वालों की चाहत है कि मंदिर निर्माण पर स्थगन लग जाये और चुनावों तक जाँच ही चलती रहे और जिससे कि भाजपा को नहीं उन्हें इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ मिल जाये।

इसे सभी समझ सकते है कि राम मंदिर निर्माण को लटकाने, भटकाने के लिए उत्तर प्रदेश से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक प्रभु श्री राम के खिलाफ षड़यंत्र होने लगा और एक बार फिर राम मंदिर निर्माण में रोड़ा अटकाने का राम शुरू हो गया। राम मंदिर निर्माण में एक बार फिर अड़चन डालने की कोशिश की जा रही है। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पर जमीन खरीद में घोटाले का आरोप लगा दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता तेज नारायण पांडेय उर्फ पवन पांडेय का आरोप है कि दो करोड़ की जमीन को 18 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदा गया। आरोप है लगाया गया कि जिस जमीन को 2 करोड़ रुपए में खरीदा गया उसे महज 10 मिनट के अंदर 18 करोड़ में श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट को बेच दिया गया। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी ने इसकी सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की है। इन आरोपों पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि ये निराधार है और वोट बैंक के लिए सबकुछ किया जा रहा है।

दरअसल इस मामले का दूसरा एंगल यह है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी काफी समय से मेहनत कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया उत्तर प्रदेश का दौरा भी कर चुके हैं। सिसोदिया लखनऊ आकर राज्य सरकार के मंत्रियों को अपनी उपलब्धियां बताने की चुनौती दे गये तो केजरीवाल ने किसानों के समर्थन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैलियां कीं। हालिया पंचायत चुनावों में भी आम आदमी पार्टी को ठीकठाक सफलता मिली है। इस सबसे उत्साहित आम आदमी पार्टी का प्रयास है कि विधानसभा चुनावों में अपनी शक्ति बढ़ाई जाये, इसके



लिए उसे किसी ऐसे मुद्दे की तलाश है जो उसे तो फायदा पहुँचाए ही साथ ही भाजपा को बड़ा नुकसान भी पहुँचाये। साथ ही जनता को यह भी लगे कि सपा, बसपा या कांग्रेस से ज्यादा अच्छी विपक्ष की भूमिका तो आम आदमी पार्टी निभा रही है। इसीलिए काफी खोजबीन कर एक ऐसा मामला गढ़ा गया जो प्रथम दृष्टया ही निराधार नजर आता है। अगर आम आदमी पार्टी के लोगों को लगता है कि भूमि खरीद में कुछ अनियमितता हुई है तो जाँच की माँग ही क्यों की जा रही है, मामला दर्ज कराने की पहल क्यों नहीं की जा रही? जहाँ तक आप नेता संजय सिंह की बात है तो वह वही शख्स हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के संबंध में कथित रूप से विवादास्पद टिप्पणी कर बखेड़ा खड़ा किया था और उनके खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज है।

आप जरा ट्रस्ट पर लगाये गये आरोप के बाद से विपक्ष की एकजुटता और चेहरे की खुशी तो देखिये। कैसे एक-एक कर सबने हमला बोल दिया है। कांग्रेस, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दलों ने भाजपा और संघ परिवार के खिलाफ अपनी-अपनी राजनीतिक तलवारें म्यान से बाहर निकाल ली हैं। दरअसल सभी दल जानते हैं कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता उत्तर प्रदेश होते हुए जाता है इसीलिए भाजपा को उत्तर प्रदेश की सत्ता में आने से रोकने के लिए अभी इससे भी बड़े हथकंडे अपनाये जाएंगे।

विपक्ष का आरोप है कि दो करोड़ रुपए की जमीन दस मिनट में साढ़े 18 करोड़ रुपए की कर दी गयी। तो इस बारे में उन्हें पता होना चाहिए कि दो करोड़ रुपए वाली रजिस्ट्री 4 साल पहले हुए एग्रीमेंट पर आधारित थी। राम मंदिर विवाद पर अदालत का फैसला आने के बाद केंद्र और राज्य सरकार ने अयोध्या नगरी के कायाकल्प की जो योजना बनाई उससे यहाँ जमीन के भाव आसमान पर पहुँच गये और इसके तहत जिस भूमि की खरीद पर सवाल उठाये जा रहे हैं उसका बाजार भाव 20 करोड़ रुपए का हो गया। लेकिन ट्रस्ट के प्रयासों से यह जमीन डेढ़ करोड़ रुपए कम कीमत पर यानि साढ़े अठारह करोड़ रुपए में मिली। आरोप लगाने वाले जरा खरीदी गयी जमीन के बाजार भाव के बारे में पता कर लें तो उन्हें अपने आरोपों के भाव भी पता चल जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बाग बिजैसी मोहल्ले में ट्रस्ट की ओर से खरीदा गया यह भूखंड ठीक उस स्थान पर है, जहां नयी योजना के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मॉडल जैसे बन रहे अयोध्या रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार प्रस्तावित है। सवाल जमीन का नहीं होता मौके की जमीन का होता है ।यदि सोशल मीडिया का अध्ययन करें तो रामभक्तों ने जमीन का किसी भी कीमत में ख़रीदे जाने का स्वागत किया है व अडंगा लगाने वोलों को कड़ी आलोचना भी की है ।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## कहो तो कह दूँ - पानी में रहकर मगर से बैर नहीं लेते 'जांगिड़ साहेब'

**चैतन्य भट्ट**

इतने बड़े आईएएस अफसर होने के बाद भी बड़वानी के अपर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ जी को इतनी भी समझ नहीं आई कि यदि पानी में रहना है तो मगर से बैर नहीं लिया करते द्य ये कहावत तो देश का बच्चा बच्चा जानता और समझता है फिर आप ये बात क्यों नहीं समझ पाए? किसने सलाह दी थी आपको कि आप भगत सिंह बन जाओ राणा प्रताप की आत्मा अपने अंदर घुसेड़ लो, अब वो जमाना नहीं रहा जब भगत सिंह को राजगुरु और सुखदेव जैसे साथी मिल गए थे और न वो जमाना रहा जब घास की रोटी खा रहे राणा प्रताप के लिए भामाशाह ने अपना पूरा खजान खोल दिया था देखा नहीं कैसे आईएएस असोसिएशन ने आपसे अपना पल्ला झाड़ लिया इतना ही नहीं वाट्सअप ग्रुप्स भी आपको रिमूव कर दिया, अब आप भी न ऐसे ऐसे स्टेट्स डाले पड़े थे कि ईमानदारी तेरा किरदार है तो खुदकुशी कर ले सियासी दौर को तो जी हुजूरी की जरूरत है या फिर मुझमें दस खामियां हों पर अपने आइने भी भी तो साफ़ कर लीजिये अब बताओ ऐसे ऐसे खतरनाक टाइप के स्टेट्स आप अपने वाट्सअप पर डालोगे और सोचोगे कि नेता और अफसर आपकी मदद करेंगे? अरे भैया ये दौर ही जी हुजूरी का है



आप किसी भी सेगमेंट में चले जाओ बिना चमचा गिरी के कुछ हासिल नहीं होता चाहे राजनीति हो, नौकरशाही हो, व्यापार हो या फिर और कोई सेगमेंट, जो जी हुजूरी करेगा वो ही आगे बढ़ पायेगा योग्यता, ईमानदारी, शुचिता, सिद्धांत ये सारे शब्द गए तेल लेने द्य आप कितने बड़े जोधा क्यों न हो उससे कोई फर्क नहीं पड़ता आप कितनी जी हुजूरी कर सकते हो वोही आपकी सफलता का पैमाना बन जाता है अब यदि बड़वानी के कलेक्टर ने ऑक्सीजन कस्ट्क्टर खरीद भी लिए थे तो आपको उसमें पंगा लेने की क्या जरूरत थी, सवालिया निशान लगा दिया कि कलेक्टर साहेब ने पैसा खा लिया ये तो सोचो उस वक्त जान बचाने की पड़ी थी हजारो लोग अस्पताल में भर्ती थे ऑक्सीजन की जरूरत थी यदि कलेक्टर साहेब ने चार पैसे ज्यादा दे भी दिए तो ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया जो आपने बबंडर मचा दिया ये सब तो नौकरशाही में चलता है जंहा करोड़ों का घपला हो रहा हो, बिना काम के ठेकेदारों को भुगतान हो रहा हो, एक ही ट्रांसपोर्टर को करोडो के अनाज की सप्लाई का ठेका दे दिया जाता हो वहां यदि हजार दो हजार ज्यादा देकर थोड़ा बहुत प्रसाद उन्होंने पा भी लिया तो कौन सा गुनाह कर दिया कि आपने पूरी नौकरशाही में आग लगा दी द्य जांगिड़ साहेब आपको तो नौकरशाही में छ साल से भी ज्यादा हो गया है यदि अब भी उनकी कार्यप्रणाली और काम करने का तरीका आप नहीं सीख पाए और अपनी ईमानदारी का ढोल पीटते रहे तो धिक्कार है आप पर और आपकी आईएएस गिरि पर, अब पड़ गए न अकेले, सबने मुंह फेर लिया, उलटे जान से मारने की धमकी अलग से मिल गई द्य दूसरी बात यदि चार साल में आठ तबादले हो ही गये तो ऐसा क्या हो गया, अरे भाई नौकरी करने आये हो तो तबादले तो होंगे ही और फिर ऐसे तेवर लेकर नौकरी करोगे तो सकार और बड़े अफसर तबादला नहीं करेंगे तो क्या थाल लेकर आपकी आरती उतारेंगे ?सब कुछ करना था लेकिन सरकार और नौकरशाही की उस दुखती रग को नहीं छेड़ना था सारा शासन प्रशासन अब हुक्का पानी लेकर आप पर टूट पड़ा है अब अपने आप को बचाओ और हम भी देखेंगे कि अपने आप को आप कैसे बचाते हो।

### अहंकार तो अपने आप आ जाता है हुजूरे आला

अपने मामाजी यानि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हाल ही में भोपाल के पास सीहोर में अपने मंत्रियों की एक बैठक लेकर उन्हें उपदेश का काढ़ा पिलाया कि अपना अहंकार छोड़ दो , ये मत सोचो कि मैं मंत्री हूँ, मेरे पास पॉवर है द्य मुख्यमंत्री जी ने दो कहानियां भी अपने मंत्रियों को सुना दीं ये भी कहा विनम्र बनो, लोगों की सेवा करने आये हो तो सेवा करो द्य मुख्यमंत्री जी बड़े भोले हैं ऐसी ऐसी बाते कर रहे हैं जो न किसी को पसंद आएंगी और न ही उन पर कोई अमल ही करेगा ये तो दुनिया कि रीत हैं कि जब किसी को पावर मिल जाता है तो उसकी भीतर का अहंकार एकदम से जाग जाता है मंत्रियों में अहंकार नहीं होगा तो क्या घसियारे को अहंकार होगा ?

# दिवस 22 जून पर विशेष) स्वाधीनता संग्राम के महान सैनानी अमरचंद बांठिया

### सूडोकु नवताल-5749

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5748 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**विजय कुमार जैन**

महान स्वाधीनता संग्राम सैनानी अमरचंद बांठिया भारत की स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम के एक नायक थे। राजस्थान की राजपूतानी सौर्य भूमि बीकानेर में आपका जन्म सन 1793 में हुआ था। आप जाति से जैन थे। भले ही आपका जन्म बीकानेर में हुआ हो। आपकी कर्मभूमि एवं सौर्य स्थली ग्वालियर रही। जब 1858 की भीषण गर्मी में लू के थपेड़ों के बीच, झांसी की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई तथा उनके योग्य सेना नायक राव साहब और तात्या टोपे आदि सब, अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध करने के लिए ग्वालियर के मैदान-ए-जंग में आ डटे थे। उस समय झांसी की रानी की सेना और ग्वालियर के विद्रोही सैनिकों को कई महीनों से वेतन तथा राशन आदि का समुचित प्रबंध न हो पाने से संकटों का सामना करना पड़ रहा था। देश के ऐसे समय में अमरचंद बांठिया आगे बढ़े और महारानी लक्ष्मीबाई के एक इशारे पर ग्वालियर का सारा राजकोष विद्रोहियों के हवाले कर दिया।

अमरचंद बांठिया में देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा शुरू से ही था। बाल्यकाल से ही उन्होंने ठान रखा था कि देश की आन-बान और शान के लिए कुछ कर गुजरना है। इतिहास में स्व. अमरचंद के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं मिलती, लेकिन कहा जाता है कि पिता के व्यावसायिक घाटे ने बांठिया परिवार को राजस्थान से ग्वालियर कूच करने के लिए मजबूर कर दिया और यह परिवार सराफा बाजार में आकर बस गया। ग्वालियर की तत्कालीन



सिंधिया रियासत के महाराज ने उनकी कीर्ति से प्रभावित होकर उन्हें राजकोष का कोषाध्यक्ष बना दिया। उस समय ग्वालियर का गंगाजली खजाना गुप्त रूप से सुरक्षित था जिसकी जानकारी केवल चुनिन्दा लोगों को ही थी। बांठिया जी भी उनमें से एक थे। वस्तुतः वे खजाने के रक्षक ही नहीं वरन ज्ञाता भी थे। उनकी सादगी, सरलता तथा कर्तव्य परायणता के सभी कायल थे। 1857 का स्वातंत्र समर अपने पूर्ण यौवन पर था, किन्तु दुर्भाग्य से तत्कालीन सिंधिया रियासत अंग्रेजों की मित्र थी। किन्तु अधिकारियों में अक्सर इस विषय में चर्चा हुआ करती थी। एक अधिकारी ने एक दिन जैन मत मानने वाले अमर चंद बांठिया जी से कहा कि भारत माता को दासता से मुक्त करने के लिए अब तो आपको भी अहिंसा छोड़कर शस्त्र उठा लेना चाहिए। बांठिया जी ने कहा कि भाई मैं हथियार तो नहीं उठा सकता, किन्तु एक दिन समय आने पर ऐसा काम करूंगा जिससे क्रान्ति के पुजारियों को मदद मिलेगी। तभी ग्वालियर पर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का अधिकार हो गया तथा अंग्रेजों के सहयोगी शासक वहां से हटने को विवश हुए। लक्ष्मीबाई तथा तात्या टोपे अपने सैन्य बल के साथ अंग्रेजों से लोहा तो ले रहे थे, किन्तु उनकी सेना को कई महीने से न तो वेतन प्राप्त हुआ था और नहीं उनके भोजन आदि की समुचित व्यवस्था थी। अर्थाभाव के कारण स्वाधीनता समर दम तोड़ता दिखाई दे रहा था। इस स्थिति को देखते हुए बांठिया जी ने अपनी जान की परवाह न कर क्रांतिकारियों की मदद की तथा ग्वालियर का राजकोष उनके सुपुर्द कर दिया। यह धनराशि उन्होंने 8 जून 1858 को उपलब्ध कराई। उनकी मदद के बल पर वीरांगना लक्ष्मीबाई दुश्मनों के छक्के छुड़ाने में सफल रहीं। वीरांगना के शहीद होने के चार दिन बाद दिनांक 22 जून 1858 को श्री अमरचंद बांठिया को राजद्रोह के अपराध में उनके निवास स्थान के नजदीक सराफा बाजार में ही सार्वजनिक रूप से नीम के पेड़ पर लटकाकर फाँसी दे दी। उनका शव लगातार तीन दिन तक उसी नीम के पेड़ पर लटका रहा। अंग्रेज शासकों ने उन्हें फांसी देकर एवं शव को पेड़ पर लटका कर उन लोगों को यह संदेश दिया जो अंग्रेजी सत्ता का विरोध करेगा, उसका यही हाल किया जायेगा। अँग्रेजों ने भले ही उन्हें फाँसी पर लटका दिया हो, पर उनका कार्य और शहादत हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

## व्यंग्यापलेक्स ट्वेंटी

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

टीवी पर दवाओ , कारों मोबाईल आदि के विज्ञापन न चाहते हुये भी आपने भी जरूर देखे ही होंगे। आधे घंटे के एपीसोड में ही हर पांच सात मिनट में मुझे भी आपकी तरह ये विज्ञापन भुगतने पड़ते हैं। ओवर द काउंटर दवाओ का देश में बड़ा फैशन है। अपने यहां कोई भी छोटी बड़ी बीमारी हो , शुरू के कुछ दिन घरेलू नुस्खे फिर सेल्फ प्रिस्क्राइब्ड मेडिसिन और जब , तब भी रोग ठीक न हो तब कहीं पत्नी के मान मनौअल के बाद डाक्टर को दिखाने का नम्बर आता है।

एक मित्र को कोरोना का अंदेशा हुआ , उन्होंने व्हाट्सअप पर चल रहे नुस्खों को आजमाना चाहा , मुझे फोन कर सलाह मांगी की बंगलौर वाले मामा जी कोरोनिल लेने कह रहे हैं , जबकि दिल्ली से चाची जी डोलो , डाक्सी और टेबीफ्लू लेने कह रही हैं , क्या करूं। जब मैंने उन्हें सलाह दी कि डाक्टर से सही सलाह लीजीये , तो उन्हें मेरी यह सलाह जरा भी पसंद नही आई , उन्होने आश्चर्य से पूछा तो क्या डाक्टर को भी दिखाना पड़ेगा ? उन्होंने खांसते हुये कहा अरे मेरी आक्सीजन पूरी 96 है। फिर डाक्टर को क्यों दिखाना भला ?

लगे हाथ उन्होने मेरा ज्ञान बढ़ाते हुये एक चुटकुला सुना दिया , ÷एक व्यक्ति प्रायः एक डाक्टर के पास जाता , बाकायदा फीस जमा कर। लाइन में लगकर उन्हें दिखाता , बाहर आता , सामने के मेडिकल स्टोर से दवायें खरीदता फिर उन्हें पास के कूड़ादान में फेंक चला जाता। जब उसे ऐसा करते बाजू वाले दूकानदार ने नोटिस किया तो उसने पूछा कि वे ऐसा क्यों करते हैं ? उत्तर मिला कि डाक्टर को तो इसलिये दिखाता हूं कि उन्हें भी जिंदा रहना है , दवा इसलिये खरीदता हूं क्योंकि दवा कंपनी , दूकानदार , एम आर सबके पेट पलते रहें। दवा कचरे में फेंक देता हूं क्योंकि मुझे भी जिंदा रहना है। मैं अनुलोम विलोम करता हूं , उसी से ठीक ठाक जिंदा हूं ही। वरना जितने टेस्ट हुये हैं मेरे खून , कफ , यूरिन वगैरह के उन पैरामीटर्स के अनुसार तो मुझे जिंदा रहने का कोई हक ही नही है। हम ठठा कर हंस पड़े। तो हमारी इसी सेल्फ मेडिकेशन की कमजोरी को दवा कंपनियों ने पकड़ रखा है , कोरोना के लिये कोरोनिल , कब्जियत है तो पेट साफ करने के लिए पेटसफा दवा बाजार में है। यदि दस्त लग रहे हैं तो उसको रोकने के लिए 'रोको' नाम से दवा है। वह दौर गया, जब डाक्टर के पर्चे पर लिखे नुस्खे को उनके तकनीकी नामों के चलते केवल फार्मेसिस्ट ही समझ पाते थे। अब तो जापान के सूमो पहलवानों की कुश्ती से प्रेरित दर्द से लड़ने , सूमो नाम के टेबलेट, बाम, स्प्रे सब मेडिसिन स्टोर पर उपलब्ध है।

# भारत की योग शक्ति का लोहा पूरे विश्व ने स्वीकार किया : हुकम सिंह खरोकडा

नेनाराम सिरवी ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता मंडल स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 7 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक के दौरान 21 दिसंबर 2014 को 193 सदस्यों की सहमति से भारत में भारतीयों के प्रति अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की थी । इसी संदर्भ में पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली सांसद पीपी चौधरी के निर्देशानुसार जिले के अलग-अलग उपखंड स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तर के कार्यकर्ता एवं जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगासन करके योग दिवस मनाया गया । खोड मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रथान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लगभग भारतवर्ष में आधा सैकड़ा देश की जनता ने योग दिवस मनाया । ये भारत के लिये गौरव की बात है सही अर्थो में अगर इस कोरोना काल मे रोग का सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो वो योग है ।जिसकी तागत से हम सभी रोगों को




मात दे सकते है। इस लिये जीवन मे हम लोगो को योग प्रतिदिन कुछ समय निकालकर योग जरूर करना चाहिये। आज योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर परिवार के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करके योग दिवस मनाया गया । खोड मंडल मंडल स्तर पर चाचोडी किरवा बुसी बालराई। खोड मंडल प्रभारी जयवर्धन रांकावत मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह खरोकडा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

चाचोडी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में मंडल महामंत्री धनाराम सिरवी आईटी सेल संयोजक खोड प्रभु सिंह राव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी किशन सिंह। रंणजीत सिंह महेंद्र सिंह राजपुरोहित आदि

## वन-टू-वन




### भटके माशूम बालक को माँ से मिलाया

एस के माथुर ब्यूरोए पुष्पांजली टुडे

**थाना अलीगंज पुलिस के अथक प्रयास से अपने परिवार से भटका बालक फिर से मिला अपनों से**

**एटा।** रविबार की रात्रि में उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह मय हमराही पुलिस बल के साथ अपने थाना क्षेत्र कस्बा अलीगंज में गश्त पैदल मार्च कर रहे थे, जब गश्त करते हुये मोहल्ला कूचादायम खाँ अलीगंज पहुँचे तो रो रहे बालक पर नजर पड़ी जो अपनो से विछड़ा हुआ लग रहा था। बालक के पास जाकर जब उसका नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम आलोक तथा अपना पिता का नाम शेरसिंह निवासी जारई बताया जो लगभग 6 वर्ष का था। बालक को थाना लाया गया। थाना अलीगंज पुलिस द्वारा सी-प्लान एप्प पर उक्त का गांव पता लगाया गया तो ग्राम जारई जनपद कासगंज थाना अमाँपुर ज्ञात हुआ। उक्त बालक के परिजनों का पता लगाया, फिर उसके परिजनों से वार्ता कर उन्हें थाना अलीगंज पर बुलाया गया, जहां सोमबार बालक को अपनी माँ पूनम पत्नी शेर सिंह व पिता शेर सिंह पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम जारई थाना अमांपुर जिला कासगंज के सकुशल सुपुर्द किया गया। परिवारीजनों से ज्ञात हुआ कि बालक अपनी ननिहाल ग्राम गढ़िया हरवे थाना राजा का रामपुर जिला एटा में मामा की शादी मे आया था। जो अन्य बच्चो के साथ अलीगंज आ गया था। बालक आलोक के सकुशल मिलने पर उसके परिजनों तथा आमजन द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई है।



### मैसूर आर्टिस्ट कलेक्टिव के तत्वावधान में विश्व कला दिवस मनाया

**मैसूरु ।** केएम प्रवीण कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट और मैसूर आर्टिस्ट कलेक्टिव के तत्वावधान में मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी प्राधिकरण के सभागार में विश्व संगीत व कला दिवस मनाया गया द्य विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में पारंगत आठ संगीतकारो को %कला सारथी% पुरस्कार देते हुए मैसूरु पेटा व माला पहनाकर शाल द्वारा सम्मानित करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किया गया द्य कन्नड़ और संस्कृति विभाग के निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि कन्नड़ और संस्कृति विभाग की कला और संपत्ति के रूप में संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है द्य हर शुभ कार्यक्रम देवता की प्रार्थना व गायन से शुरू होता हैं द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल्वा स्वामी रहे द्य इस दौरान मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण अध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ा,पूर्व अध्यक्ष बीपी मंजुनाथ, कन्नड़ और संस्कृति विभाग के निदेशक चेन्नप्पा,भाजपा नेता सोमशेखर,वरिष्ठ कलाकार अंबाप्रसाद,पर्यावरण जागरूकता मंच के अध्यक्ष बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित,जीवधारा रक्तकोष निदेशक एसई गिरीश,केएमपीके ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम अयंगर, भाजपा के युवा नेता लोहित, सुचिंद्र,नवीन,चक्रपाणि आदि मौजूद रहे ।



### योग करने से शरीर और मन रहते हैं स्वस्थ श्यामू ठाकुर

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समाज सेवा टीम के संयोजक समाजसेवी श्याम ठाकुर एवं टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा 2 गज की दूरी के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित समाज सेवा टीम के संयोजक श्याम ठाकुर ने योग दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 14 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में योग के महत्व को दर्शाते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों ने सर्वसम्मति से 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर मुहर लगा दी श्री ठाकुर ने कहा कि 30 जून वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है और योग और प्राणायाम भी मनुष्य को स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन प्रदान करता है योग का मूल उद्देश्य ना केवल मनुष्य को स्वस्थ करता है अपितु स्वयं को पहचानना भी है। श्री ठाकुर ने कहा आदिकाल से चले आ रहे युग के विज्ञान को अपने जीवन में हम उतारेंगे तो कोरोना से सी हजारों बीमारियों से भी निपट लेने में हमारा शरीर सक्षम होगा आइए विश्व योग दिवस पर योग करने और स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लें।

## 'अटेर की चौपट कानून व्यवस्था दुरस्त कराने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन'

नीरज त्रिपाठी
पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड(ब्यूरो)।** सपा नेता पूर्व अटेर विधानसभा प्रत्याशी बी.के.बौहरे ने अटेर की बदहाल हो चुकी कानून व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम अटेर एसडीएम उदय सिंह सिकरवार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा के पिछले दिनों अटेर नगर में पुलिस थाने के बिलकुल बगल में स्वर्ण आभूषण विक्रेताओं की दो दुकानों में एक ही रात्रि में लाखों रुपए मूल्य की हुई चोरी की वारदात को एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी वक्त चोरी का खुलासा ना होने से अटेर क्षेत्र के व्यापारी वर्ग एवं आम जनमानस में भारी रोष व्याप्त है साथ ही दो अलग-अलग दुकानों में हुई चोरी के दुकान पीड़ितों की अलग-अलग एफआईआर के स्थान पर एक ही एफआईआर किए जाने की पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए मांग की है के पहले अटेर की बदहाल एवं चौपट कानून व्यवस्था को दुरस्त करो तदुपरांत उपरोक्त घटित हुई चोरी की घटना सहित पूर्व में घटित अन्य तमाम अंधी वारदातों का भी अति शीघ्र पर्दाफाश किया जावे। उक्त घटित हुई गंभीर घटनाओं का शीध्र खुलासा ना होने की स्थिति में अटेर पुलिस की अकर्मण्यता के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विशाल जन आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। इस अवसर पर शिव कुमार दीक्षित, इंदल सिंह यादव, संजय पुरोहित,राकेश यादव, देवाला प्रभास जैन, जाकिर हुसैन, दुकानदार राजू सोनी एवं अजय सोनी, महेश सिंह यादव, भोगीराम पुरवंशी, राहुल जैन, वीरेंद्र सिंह यादव,मनोज जैन,कल्लू खान, कमलेश पलिया, महेंद्र जाटव,अवनीश यादव, महेश सोनी, बाल किशोर मिश्रा, विमल जैन, गवर्नर पुरवंशी सरदार खान, अरविंद सोनी, जुग्गन खान, अशोक सिंह यादव, राधा मुकुंद पुरोहित, केशव सिंह यादव, राजू सोनी, रामदास सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## वैक्सीनेशन महाअभियान में थरा उप स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ टीकाकरण कार्यक्रम

भीमसेन तोमर, पुष्पांजली टुडे



**थरा।** गांव थरा के उप स्वास्थ्य केन्द्र पर नियत समय 10बजे से। वैक्सीन सेंटर खुला और टीकाकरण कार्यक्रम शुरू हो गया। आन स्पोट रजिस्ट्रेशन सुविधा के तहत लोगों को पहले से पंजीकरण करने, और स्लोट के झंझट से छुटकारा था। लोग सीधे आएं , आधार लाएं और वैक्सीन लगवाएं। शुरू में पहले से लोगों को जागरूक कर रहे भीमसेन युवा मंडल के सदस्यों द्वारा जागरूक एक दंपति जिसमें रंजीत सिंह तोमर-मीरा देवी पहले से ही वैक्सीन लगवाने के लिए समय से पहले पहुंच चुके थे। लेकिन वहां एक वैक्सीन वाटल से खोलने पर 11लोगों को डोज दी जा सकती थी लेकिन पहुंचे मात्र एक दंपति था। अतः वहां पर टीकाकरण अधिकारी एन एन एम संगीता तोमर ने कहा कि आज महा वैक्सीनेशन महाअभियान में हमारे पास 20डोज है। और लगता है कि यह भी नहीं लगाएंगे । लेकिन युवा मंडल ने सभी गांव वासियों को दंपति का उदाहरण , वैक्सीन के फायदे, लोगों को समझाइश दी तब लोगों में वैक्सीन का वैक्सीन के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। तब देखते ही देखते शाम चार बजे तक। 77डोज लोगों को लगाए जा चुके थे। डोंजों की भी दो खेप की और लोगों की लगाई गई। टीकाकरण का कार्य संगीता तोमर ए एन एम थरा, सहयोगी आशा कार्यकर्ता अनीता तोमर, संतोषी तोमर, युवा मंडल के सदस्य अरुण तोमर, सौरभ तोमर, ने लोगों को समझाइश देने का और जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया।।

## योग करने से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता हैः आर्य

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा द्वारा सर्वोदय व टचस्टोन स्कूलों में लगाए गए योग शिविर**

मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे



**गोहद।** 7 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोहद नगर के सर्वोदय स्कूल एवं टचस्टोन स्कूल में योग शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व भाजपा अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए।योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि लालसिंह आर्य, मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन द्वारा विवेकानंद के चित्र पर माल्यर्पण कर किया। लालसिंह आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को समझाया उन्होंने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि योग केवल शरीर को ही रोगमुक्त नहीं करता? अपितु मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर मानव को सशक्त, शांत और ओजस्वी बनाता है । योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बीमारियां दूर रहती हैं स्वस्थ रहने के लिए योग करना अत्यंत जरूरी है योग करने से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने योग पर बोलते हुए सभी से अपील करते हुए कहा कि कोरोना महामारी जैसी खतरनाक घातक बीमारी से बचने के लिए हम सब को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना चाहिए। योग करने से हर तरह की बीमारियों से बचा जा सकता हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कामत ने किया।

## पुलिस लाइन एटा में सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए कराया गया योगाभ्यास

**सातवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों ने योग,ध्यान एवं प्राणायाम का किया अभ्यास**

पुष्पांजली टुडे




**एटा।** सोमबार 21 जून को सातवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा पुलिस लाइन एटा में सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए,योगाभ्यास कराया गया संस्था के प्रशिक्षक राज कुमार पाराशर एवं योगेश कुमार द्वारा वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उत्तान, मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन आदि का अभ्यास कराया, तथा कपालभाति,नाड़ी शोधन,भ्रामरी एवं शीतली प्राणायाम का भी अभ्यास कराया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के सानिध्य में समस्त पुलिस कर्मियों ने योग,ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक राज कुमार पाराशर द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अस्तित्व के सात स्तरों का वर्णन किया जिसमें शारीरिक योगाभ्यास के साथ-साथ सांसो के नियमन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को इस अवसर का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीओ सकीट कमलेश त्रिवेदी एवं सीओ सदर इरफान नासिर खान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर आई हरपाल सिंह द्वारा किया गया।

**18 +और 45+ आयु वर्ग के लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगाने के लिए शिविर का आयोजन**

## जोश और उत्साह से युवाओं ने ली कोरोना की प्रथम खुराक

नेनाराम सीरवी ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

**रानी /** मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी रानी के निर्देशानुसार रानी ब्लाक के ग्राम पंचायत चाचोडी के उप स्वास्थ्य केंद्र पर 18 +और 45+ आयु वर्ग के लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।केंद्र सरकार। राज्य सरकार जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार आमजन के जीवन रक्षा के लिए वैक्सीनेशन का कार्य शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से शुरू किया गया। जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार विशेषज्ञों के अनुसार कोराना की तीसरी लहर को प्रभावी रूप से नियंत्रण करने के लिए जिले के अलग-अलग उपखंड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन टीकाकरण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। वैक्सीनेशन के दौरान चाचोडी.एएनएम सीमा मोहनोत ने युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों को कोराना वैक्सीन ही मुख्य उपचार समझा कर टीका लगाने के लिए अपील की गई । उन्होंने बताया कि हमारी ओर से संपूर्ण प्रयास किया जा रहा है कि 18+ओर 45+आयु वर्ग के हर लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीनेशन हो। टीकाकरण कैंप के दौरान चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार टीकाकरण में तेजी लाने के लिए आंगनवाड़ी के कार्मिकों ने डोर टू डोर सर्वे करके टीकाकरण कैंप की जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा टीके लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करके कोराना के टीके लगवाए गए। प्रथम बार ग्राम पंचायत क्षेत्र में




18+वैक्सीनेशन कैंप आयोजित हुआ जिसमें उत्साह पूर्वक युवाओं ने कोरोना वैक्सीन के टीके लगवाए। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया। कोराना प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग रहा। ग्राम पंचायत सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के आदेश के अनुसार वैक्सीनेशन कैंप की जानकारी आमजन को भोपु प्रचार के माध्यम से दी गई।

टीकाकरण कैंप के दौरान सीमा मोहनोत। एएनएम शकुंतला। सुरेश लागेशा। सी एच ओ। अध्यापक मनोज काक भंवरलाल अनिल कुमार भंवर खान। कॉन्स्टेबल रामभरोसे । आंगनवाड़ी कार्मिक आशा सहयोगिनी सरला देवी आदि मौजूद रहे।

# नैनो न्यूज

## होल्डर ने पकड़ा शानदार कैच , खुशी में मैदान का चक्कर लगाया



**सेंट लूसिया (ए)।** दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने केशव महाराज का एक शानदार कैच पकड़ा है जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। होल्डर कैच पकड़े के बाद से ही काफी खुश दिखे। वह हवा में मुठ्ठियां लहराते वह मैदान के चक्कर लगाने लगे। इससे पहले होल्डर ने एडिन मार्करम (4) और डीन एल्गर (0) का भी कैच इसी प्रकार पकड़ा था। गेंदबाजी की बात करें तो होल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक को आउट कर अपनी टीम को बड़ी कामयाबी दिलाई थी। केशव 6 रन ही बना पाये। केशक के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम सात विकेट पर 73 रन ही बना पायी हालांकि रेसी डर डुसां के नाबाद 75 और कागिसो रबाडा के 40 रनों की सहायता से दक्षिण अफ्रीकी टीम अपनी पारी के दौरान 174 रन तक पहुंच गयी। यह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के 27वें ओवर की बात है। केशव ने जेडन सील्स की फुल गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की थी। गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया और पीछे गई। वहीं दूसरी स्लिप में खड़े होल्डर ने अपने दाएं ओर छलांग लगाते हुए एक हाथ से शानदार कैच पकड़ा।

## कोलंबियाई से हार के के साथ ही भारतीय महिला तीरंदाजी टीम के ओलंपिक खेलने की संभावनाएं समाप्त

**पेरिस (ए)।** भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम आगामी टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। भारतीय तीरंदाजी टीम को अपने से कम रैंकिंग वाली कोलंबियाई टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। अनुभवी भारतीय महिला टीम को ओलंपिक में जगह बनाने के लिए 28 टीमों में से शीर्ष तीन में रहना था पर वह निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए इससे बाहर हो गई। इसी के साथ ही भारतीय टीम की ओलंपिक खेलने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। भारतय टीम यहां कोई भी सेट जीतने में विफल रही और कोलंबियाई खिलाड़ियों ने उन्हें 6-0 से हराया। एना मारिया रेंडन, वैलेंटिया एकोस्टा गिराल्डो और मायरा सेपुलवेडा की कोलंबियाई तिकड़ी ने 'परफेक्ट 10 (बिल्कुल सटीक निशाना) के दो निशाने लगाए और 55-54 से सेट अपने नाम कर लिया। दबाव में, भारतीय महिला टीम ने दूसरे सेट में कुल 49 अंक ही बने सकी। इस प्रकार टीम ने इस सेट को भी दो अंकों से गंवा दिया। भारतीय महिला तीरंदाजों के पास टोक्यो में अपने एकल महिला कोटे के स्थान के साथ ही टीम कोटा हासिल करने का यह अंतिम अवसर था पर वह इसमें नाकाम रहीं। ऐसे में अब दीपिका कुमारी टोक्यो खेलों के महिला वर्ग में भारत की ओर से खेलने वाली एकमात्र खिलाड़ी होंगी। दीपिक लगातार तीसरे ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं भारत ने साल 2019 में नीदरलैंड के डेन बॉश में विश्व चैंपियनशिप से ओलंपिक के लिए पुरुष टीम कोटा पहले ही हासिल कर लिया था। विश्व रैंकिंग की तीसरे नंबर की खिलाड़ी दीपिका, अंकिता भगत और 19 वर्षीय कोमलिका बारी की तिकड़ी ने दो महीने पहले ही ग्वाटेमाला सिटी में विश्व कप चरण एक में स्वर्ण पदक जीता था।

## पीएमसी में 1,800 करोड़ लगाएगी भारतपे

**मुंबई (ए)।** सेंट्रम समूह और डिजिटल भुगतान सेवा प्रदाता स्टार्टअप कंपनी भारतपे का संयुक्त उद्यम महाराष्ट्र के संकट ग्रस्त सहकारी बैंक पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक (पीएमसी) में 1,800 करोड़ रुपए की पूंजी लगाएगा। सेंट्रम के एक शीर्ष अधिकारी ने इस योजना की जानकारी दी है। उन्होंने कहा ?कि हमने लघु ऋण बैंक के लिए 1,800 रुपए की पूंजी अलग रखी है। इसे अंतत~ पीएसी बैंक में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें से 900 करोड़ रुपए पहले वर्ष में ही संयुक्त उद्यम द्वारा दिए जाएंगे। दोनों भागीदार इसका बराबार बराबर हिस्सा लगाएंगे। बाकी पूंजी बाद में लगाई जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वित्तीय सेवा समूह की एक अनुषंगी कंपनी सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज को एक सूक्ष्म ऋण बैंक शुरू करने की सैद्धांतिक रूप से अनुमति दी। प्रस्तावित सूक्ष्म ऋण बैंक विशेष रूप से पीएमसी का अधिग्रहण करने के लिए बनाया जाएगा।

# लक्ष्मण ने रहाणे का ध्यान उनकी गलतियों की ओर दिलाया



**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टायलिश बल्लेबाज रहे वीवीएस लक्ष्मण ने टीम इंडिया के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे की बल्लेबाजी में आई कमजोरी की ओर भी उनका ध्यान दिलाया है। लक्ष्मण ने सचिन तेंडुलकर की उस सलाह को याद किया जिसे रहाणे से भी जोड़ा जा सकता है। लक्ष्मण ने कहा, मैं हमेशा से कीवी कप्तान केन विलियमसन की कप्तानी से काफी प्रभावित हूं। मुझे लगा कि रहाणे की आंखें जम चुकी थीं। वह काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह दूसरे दिन के मुकाबले बेहतर बल्लेबाजी कर रहे थे पर यह कीवी खिलाड़ियों के जाल में फंस गये। न्यूजीलैंड ने इससे पहले क्राइस्टचर्च में भी उनके खिलाफ यही रणनीति अपनाई थी। इस बात को समझने की जरूरत है। लक्ष्मण ने आगे कहा, आप नील वैगनर और केन विलियमसन के बीच हुई प्लानिंग को देखें। पांचवीं गेंद तक वहां कोई फील्डर नहीं था। इसके बाद वहां और बैकवर्ड शॉर्ट-लेग पर भी फील्डर लगाया गया। इससे रहाणे को आधे-अधूरे दिल से पुल शॉट खेलना पड़ा। उस पुल शॉट में कोई दम नहीं था। इस बात को लेकर रहाणे काफी निराश भी होंगे। साथ ही कहा, मुझे याद है कि जब मैंने अपने क्रिकेटिंग करियर की शुरुआत की थी तो महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर ने मुझे सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर आप कामयाब होना चाहते हैं तो आपको दो क्षेत्रों में सहज होने की जरूरत है।

## बीसीसीआई छोटे प्रारुप के सभी तीन टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा

**मुम्बई ए)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2024 से शुरू होने वाले 8 वर्ष के टूर्नामेंट चक्र को देखते हुए चैंपियन्स ट्राफी, टी20 विश्व कप और एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी का फैसला किया। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की वर्चुअल आपात बैठक में यह फैसला किया गया। इसमें तय किया गया कि बीसीसीआई चैंपियन्स ट्राफी, एक टी20 विश्व कप और एक एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हां, हम 2025 में चैंपियन्स ट्राफी के अलावा 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2031 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी के लिये दावा पेश करेंगे। शीर्ष परिषद इस पर सैद्धांतिक तौर पर तैयार है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की थी कि भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में चैंपियन्स ट्राफी को भी शामिल किया जाएगा, यह टूर्नामेंट साल 2017 के बाद से ही बंद कर दिया गया था।

## प्रतिस्पर्धा से ही मिलती है बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा : अश्विन



**साउथैम्पटन (ए)।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए हमेशा से ही नये प्रयोग करते रहे हैं। इसको लेकर इस गेंदबाज ने कहा कि जिस दिन उनमें कुछ नया सीखने की इच्छा खत्म हो जाएगी वह खेल को अलविदा कह देंगे। अश्विन के अनुसार प्रतिस्पर्धा को वह जरुरी मानते हैं क्योंकि इसी से बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। अश्विन के अनुसार टेस्ट क्रिकेट की खासियत यह है कि इससे आप हमेशा एक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने अपने करियर में अब तक जो कुछ भी हासिल किया है, वह इसी कारण हासिल किया कि मैंने किसी भी चीज के लिए समझौता नहीं किया और मैं लगातार सुधार करता रहा हूं। भारतीय स्पिनर ने कहा, 'मैं फिर से यह कहना चाहूंगा कि अगर मुझे अलग-अलग चीजें करना पसंद नहीं होगा और मैं कुछ नया करने के लिए संयम नहीं रख पाऊंगा या संतुष्ट हो जाऊंगा, तो मैं खेल को जारी नहीं रख सकता हूं। इस गेंदबाज ने अब तक टेस्ट क्रिकेट में 409 विकेट लिए हैं। उन्हें विवादों से जुड़ना पसंद नहीं है, लेकिन अगर छेड़ा गया तो वह अपने प्रदर्शन से जवाब देने में पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि मैं विवादों से आनंद उठाता हूं, लेकिन मुझे संघर्ष करने में अच्छा लगता है और यही कारण है कि मैं यहां तक पहुंचा हूं. अश्विन ने कहा, 'मैं जीत का उतना जश्न नहीं मनाता, जितना मुझे आदर्श रूप से मनाना चाहिए क्योंकि मेरे लिए जीत एक घटना भर है। मैं मानता हूं कि यह योजना और अभ्यास के समावेश से मिलता है। मैं जीतने के बाद भी बैठकर सोचता हूं कि इससे बेहतर क्या हो सकता है।

## इंग्लैंड की खिलाड़ियों ने जमकर छींटाकशी की थी: स्नेह



**ब्रिस्टल (ए)।** इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ रहे एकमात्र टेस्ट मैच में 80 रनों की शानदार पारी खेलने वाली भारतीय महिला टीम के क्रिकेटर स्नेह राणा ने कहा है कि मैच के दौरान मेजबान टीम की खिलाड़ियों ने उनका ध्यान भटकाने के लिए जमकर छींटाकशी की थी पर इसके बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपना संयम बनाये रखा। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, तानिया भाटिया, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के शानदार प्रदर्शन से भारत ने फॉलोआन खेलने के बाद भी यह मैच ड्रॉ कराने में सफलता हासिल की। इंग्लैंड को चौथे और अंतिम दिन आखिरी सत्र में जीत के लिए दो विकेट की जरुरत थी और उनके गेंदबाजों ने इन्हें हासिल करने के लिए हर प्रकार की रणनीति अपनायी और लगातार छींटाकशी भी की पर स्नेह और तानिया पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। तानिया के साथ शतकीय साझेदारी निभाने वाली स्नेह ने कहा कि हमें परेशान करना उनका काम था और उन्होंने इसके लिये कई तरह के प्रयास किये जो नाकाम रहे।

उन्होंने कहा कि हमने उन पर ध्यान नहीं दिया और चाहे हम दूर हो या पास हर गेंद के बाद एक दूसरे से बातचीत करती रही। इससे हमारा मनोबल बरकरार रहा। हम अपनी टीम के लिये क्रीज पर टिके रहना चाहते थे और मैदान पर इसी को लेकर हमने बात की थी। स्नेह पिछले पांच वर्षों में भारत के लिये पहला मैच खेल रहीं थीं। इस ऑलराउंडर ने 39.2 ओवर गेंदबाजी करने के बाद आठवें नंबर के बल्लेबाज के रूप में नाबाद 80 रनों की पारी खेली।

## अभ्यास की कमी के कारण सिंधू के लिए आसान नहीं रहेगा ओलंपिक : ज्वाला



**नई दिल्ली (ए)।** पूर्व युगल बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने कहा है कि पीवी सिंधू के लिए मैच अभ्यास की कमी के कारण अगले माह शुरु हो रहे टोक्यो ओलंपिक में सफलता हासिल करना आसान नहीं होगा। साइना इस बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी हैं। ऐसे में 23 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में सिंधू से देश को पदक की उम्मीदें लगी हैं। ज्वाला ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह पदक जीतेगी। सिंधू पर इस बार जाहिर तौर पर पिछले बार से ज्यादा दबाव होगा। साथ ही कहा कि रियो में सिंधू के लिए हालात बिल्कुल अलग थे, अब हालात पूरी तरह से बदल गये हैं। इस बार उन पर ज्यादा ध्यान है और यह सिंधू पर ही निर्भर करता है कि वह इस दबाव का कैसे सामना करती हैं। मुझे उम्मीद है कि वह इसे सकारात्मक रूप से लेंगी। हर कोई उसका खेल जानता है, सबने उसे देखा है। चिंता की बात यह भी है कि कोविड-19 के कारण खिलाड़ियों को बहुत सारे टूर्नामेंटों में खेलने का मौका नहीं मिला है जिससे अभ्यास की भी कमी हो गयी है। उन्होंने कहा कि वह जब किसी खिलाड़ी के साथ अभ्यास करती है तो हमारे यहां उसके स्तर का कोई खिलाड़ी नहीं है। जबकि चीन और कोरियाई टीम में 20-30 खिलाड़ी है। कोविड-19 के कारण यात्रा प्रतिबंधों को देखते हुए भारतीय खिलाड़ियों को मैच अभ्यास की कमी हो गयी। सिंधू के अलावा पुरुष वर्ग से बी साई प्रणीत और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने भी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। ज्वाला ने कहा कि मुझे हमेशा साई का खेल पसंद रहा है और मैं हमेशा उन पर विश्वास करती हूं। समस्या यह है कि उसने कभी अपने पर भरोसा नहीं किया। उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है पर मुझे उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। चिराग और सात्विक अभी जूनियर हैं और उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है इसलिए वे बिना किसी डर के सब दांव पर लगा सकते हैं।

## विराट ही नहीं किसी भी बल्लेबाज के लिए उस गेंद का सामना आसान नहीं था: जैमीसन

**साउथम्पटन (ए)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइली जैमीसन ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली जिस प्रकार की इनस्विंगर पर आउट हुए उसपर कोई भी बल्लेबाज आउट हो जाता। जैमीसन की धारदार गेंदबाजी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन भारतीय टीम को 217 रनों पर ही समेट दिया था। जैमीसन ने लगातार आउट स्विंगर फेंकने के बाद इनस्विंगर डाल कर विराट को आउट किया। जैमीसन ने इसी पकार विराट को न्यूजीलैंड में भी आउट किया था। वहीं मैच के बाद जैमीसन ने कहा, यह एक ऐसी गेंद थी जिसे एक गेंदबाज के तौर पर नियंत्रित करना काफी कठिन था और एक बल्लेबाज के लिए तो उसका सामना करना और भी ज्यादा कठिन हो जाता। तो मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ कोहली की बात है उनकी जगह किसी अन्य बल्लेबाज के लिए भी उस गेंद का सामना करना कठिन था। उन्होंने कहा, विराट भारतीय टीम का एक अहम हिस्सा हैं। उनका विकेट हासिल करना काफी बड़ी बात होती है हालांकि उन्हें नहीं लगता कि कोहली की तकनीक में कोई समस्या है।

## ईपीएफओ के साथ अप्रैल में 12.76 लाख नए कर्मचारी जुड़े

**नई दिल्ली (ए)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ अप्रैल 2021 में जुड़े कर्मचारियों की संख्या में मार्च की तुलना में 13.73 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 12.76 लाख की बढ़ोतरी हुई। मार्च 2021 में यह 11.22 लाख थी। श्रम विभाग ने यह जानकारी दी है। इन आंकड़ों से कोविड-19 महामारी के बीच संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की दिशा-दशा का संकेत मिलता है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में ईपीएफओ ने कुल 77.08 लाख नये सदस्य जोड़े, यह संख्या एक साल पहले 78.58 लाख थी। अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ में अप्रैल 2021 में 12.76 लाख कर्मचारी जुड़े। कोविड-19 की दूसरी लहर के बावजूद मार्च 2021 की तुलना में नये कर्मचारियों की संख्या में 13.73 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़े के मुताबिक मार्च 2021 की तुलना में अप्रैल 2021 में ईपीएफओ की सदस्यता छोड़ने वालों की संख्या 87,821 कम रही। इसी तरह इस दौरान दोबारा ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यताओं की संख्या मार्च से 92,864 ज्यादा रही।

## रिलायंस ग्रुप का मार्केट कैप तीन महीने में 7,866 करोड़ पहुंचा

### मार्च में ग्रुप का मार्केट कैप 733 करोड़ था, मई में 3,890 करोड़ और 18 जून को 7,866 करोड़ पहुंच गया




**नई दिल्ली (ए)।** कर्ज संकट का सामना कर रहे उद्योगपति अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस ग्रुप का मार्केट कैप तीन महीने से भी कम में 1,000 फीसदी से अधिक बढ़ चुका है। मार्च में ग्रुप का मार्केट कैप 733 करोड़ रुपए था जो मई में 3,890 करोड़ रुपये और 18 जून को 7,866 करोड़ रुपए पहुंच गया। पिछले 20 दिनों में ग्रुप की कंपनियों रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, रिलायंस पावर और रिलायंस कैपिटल का मार्केट कैप दोगुना से अधिक हो चुका है। रिलायंस पावर का मार्केट कैप 4,446 करोड़ रुपए रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का मार्केट कैप 2,767 करोड़ रुपए और रिलायंस कैपिटल का मार्केट कैप 653 करोड़ रुपए है। इससे इन तीन कंपनियों के 50 लाख से अधिक रीटेल निवेशकों को फायदा हुआ है। रिलायंस ग्रुप देश में रीटेल निवेशकों को सबसे बड़ा परिवार है। रिलायंस पावर में करीब 33 लाख, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर में 9 लाख और रिलायंस कैपिटल में करीब 8 लाख रीटेल निवेशक हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान एफआईआई और म्युचुअल फंड रिलायंस ग्रुप की कंपनियों से किनारा कर चुके हैं और बैंकों ने भी ग्रुप के गिरवी शेयरों को मार्केट में बेच दिया है। इन्हें रीटेल निवेशकों ने खरीदा था जो अब रिलायंस ग्रुप के शेयरों में आई तेजी का फायदा उठा रहे हैं। पिछले तीन हफ्तों में रिलायंस ग्रुप में कई सकारात्मक चीजें हुई हैं जिससे ग्रुप कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। लायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने प्रमोटर ग्रुप और एलएलपी की सहयोगी कंपनी वीएसएफ हो?ल्डिंग से 550 करोड़ रुपए जुटाने की घोषणा की है। रिलायंस पावर के बोर्ड ने अपनी प्रमोटर कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को कुल 1,325 करोड़ रुपए के 59.5 करोड़ प्रेफरेंशियल शेयर और 73 करोड़ वारंट जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी

**मुंबई (ए)।** घरेलू बाजार में सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। दिल्ली में 21 जून को पेट्रोल-डीजल के दाम में इजाफा नहीं हुआ है। पेट्रोल के दाम र?विवार को 29 पैसे बढ़कर 97.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 28 पैसे बढ़कर 87.97 रुपए प्रति लीटर के भाव पर पहुंच गया था। मुंबई में पेट्रोल के दाम 103.36 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 30 पैसे बढ़कर 95.44 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में पेट्रोल 97.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 28 पैसे महंगा होकर 90.82 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल के दाम 98.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल के 92.58 रुपए प्रति लीटर है। भोपाल में पेट्रोल 105.47 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.65 रुपए प्रति लीटर हैं। ऐसे ही मध्य प्रदेश के अनूपपुर में पेट्रोल 108.01 रुपए और डीजल 99.04 रुपए प्रति लीटर हैं। राजस्थान के गंगानागर में पेट्रोल के दाम 108.37 रुपए प्रति लीटर डीजल 101.12 रुपए प्रति लीटर हैं।

# एयर इंडिया केयर्न एनर्जी मामले में जुलाई तक दे सकता है चुनौती



### इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने दिसंबर 2020 में ब्रिटेन की तेल कंपनी केयर्न एनर्जी के पक्ष में फैसला सुनाया था

**नई दिल्ली (ए)।** विमानन कंपनी एयर इंडिया के पास ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी द्वारा दायर मामले को चुनौती देने के लिए जुलाई मध्य तक का समय है। जानकारी के मुताबिक केयर्न एनर्जी ने अमेरिका की संघीय अदालत में मुकदमा दायर कर एयरलाइन को यह निर्देश देने की अपील की है कि वह भारत सरकार के खिलाफ जीते गए आर्बिट्रेशन मामले में 1.26 अरब डॉलर का भुगतान करे। केयर्न एनर्जी ने न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले की अमेरिकी जिला अदालत में दायर मामले में कहा है कि एयर इंडिया पर भारत सरकार का नियंत्रण है। ऐसे में अदालत को पंचाट के फैसले को पूरा करने का दायित्व एयरलाइन कंपनी पर डालना चाहिए। तीन सदस्यीय इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने दिसंबर में एकमत से केयर्न पर पिछली तारीख से लगाए गए करों को खारिज कर दिया था और सरकार को कंपनी के बेचे गए शेयर, जब्त लाभांश और कर रिफंड को वापस करने को कहा था। इस न्यायाधिकरण में भारत की ओर नियुक्त जज भी शामिल थे। हालांकि, भारत सरकार ने चार साल के दौरान पंचाट प्रक्रिया में हिस्सा लिया था लेकिन उसने इस फैसले को मानने से इनकार करते हुए नीदरलैंड की अदालत में इसे खारिज करने की याचिका दायर की है। केयर्न ने कहा है कि वह इस फैसले के तहत एयर इंडिया जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों से वसूली करेगी। वहीं सरकार ने कहा है कि वह इस तरह के किसी भी कदम का विरोध करेगी। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि एयर इंडिया के पास केयर्न के मुकदमे को चुनौती देने के लिए जुलाई मध्य तक का समय है। गौरतलब है कि मारेट्रोस्पेक्टिव टैक्स मामले में इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने दिसंबर 2020 में ब्रिटेन की तेल कंपनी केयर्न एनर्जी के पक्ष में फैसला सुनाया था।

## रियलमी नया 32 इंच स्मार्ट टीवी लॉन्च के लिए तैयार

**नई दिल्ली (ए)।** भारत में चाइनीज कंपनी रियलमी अपना नया 32 इंच स्मार्ट टीवी लॉन्च करने जा रही है। कंपनी अपने नए रियलमी स्मार्ट टीवी से आगामी 24 जून को पर्दा उठाएगी। कंपनी के पास पहले से 32 इंच स्क्रीन साइज़ में एक स्मार्ट टीवी मौजूद है। भारत में अभी



रियलमी स्मार्ट टीवी 15,999 रुपये में खरीदने के लिए उपलब्ध है। लेकिन रियलमी की वेबसाइट और दूसरी ई-कॉमर्स वेबसाइट से इसे छूट के साथ खरीदा जा सकता है। आने वाले रियलमी टीवी में कई अपग्रेडेड फीचर्स मिलने की उम्मीद है। लेकिन हम आपको बताते हैं रियलमी स्मार्ट टीवी 32 इंच की कीमत 15,999 रुपये है। रियलमी की वेबसाइट से खरीदने पर यह टीवी छूट के साथ मिल जाएगी। पेटीएम के जरिए पेमेंट करने पर 500 रुपये तक कैशबैक मिल जाएगा। वहीं मोबिक्विक के जरिए 10 प्रतिशत कैशबैक (200 रुपये तक) मिलेगा। वहीं फ्लिपकार्ट से ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के जरिए रियलमी स्मार्ट टीवी खरीदने पर 10 प्रतिशत तक छूट मिल जाएगी। फ्लिपकार्ट ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के जरिए फोन लेने पर 5 प्रतिशत अनलिमिटेड कैशबैक मिल जाएगा। इस टीवी को फ्लिपकार्ट से 2,667 रुपये की नो-कॉस्ट ईएमआई पर खरीदा जा सकता है। टीवी पर 11,000 रुपये तक एक्सचेंज ऑफर भी है। रियलमी स्मार्ट टीवी के फीचर्स की बात करें तो रियलमी के इस टीवी में 32 इंच अल्ट्रा ब्राइट बेज़ल-लेस एलईडी डिस्प्ले दी गई है। बात करें साउंड आउटपुट की तो टीवी में 24वाट क्वाड स्टीरियो स्पीकर्स दिए गए हैं। स्पीकर्स डॉल्बी ऑडियो के साथ आते हैं। टीवी में 64-बिट क्वाड कोर प्रोसेसर, 1 जीबी रैम व 8 जीबी इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है।

## वन-टू-वन



### स्वस्थ्य जीवन का मूल मंत्र योग से निरोग : चौ. मुकेश सिंह

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता, पुष्पांजली टुडे

भारतीय जनता पार्टी मंडल मेंहगांव में योग दिवस के उपलक्ष में 2 घंटे का योग प्रशिक्षण शिविर लगाया गय या जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक आदरणीय मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी रहे एवं मुकेश सिंह जी ने मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को योग का महत्व समझाया एवं योगाभ्यास कराया इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया जी, मंडल के महामंत्री रोहित करैया , कालीचरण शाक्य जी , भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप डनतडोतिया जी पूर्व सोसायटी अध्यक्ष रामवीर भदौरिया जी, सुधा राठौर जी, मुन्नी नरवरिया जी रामभुवन परमार जी ,नीरज चौधरी जी ,सोनू बैशान्दर जी, संतु सोनी जी रामू राठौर जी वं समस्त पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### तिरूवारूर पॉन ब्रोकेर्स एवम् ज्वेलर्स एसोसिएशन देवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख एक हजार रुपये सुपुर्द किये

नारायण लाल, पुष्पांजली टुडे

**चैन्नई** -तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा तामीलनाडु मुख्यमंत्री राहत कोष मे भेंट के लिए तिरुवारुर देवासी समाज की तरफ से 101000/एक लाख एक हजार रुपये की राशि तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के बैंक खाते मे स्थान्तरित कर दी गई हैं।मानव परमार्थ लिए किए गए इस पुनीत कार्य के लिए तिरुवारुर देवासी समाज के अध्यक्ष हनुमान देवासी एवं तिरुवारुर देवासी समाज के सभी पदाधिकारियों वह सदस्यों का इस पुनीय कार्य मे भागीदारी निभाने के लिए तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रदेश सघंठन की तरफ से तिरूवारुर देवासी समाज का आभार और हार्दिक बधाई उज्जवल भविष्य की कामना की व सर्वे समाज सेवादार स्वामी तेजानन्द महाराज राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल की तरफ से शुभकामनाएं दी गई



### करें योग रहे निरोग-अर्पित गुप्ता

ग्वालियर(पुष्पांजली टुडे)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत की पहल पर समस्त देशों में योग कार्यक्रम को बड़ी ही धूमधाम से प्रायोजित किया जा रहा है।भारत के लोगों ने ही योग से दुनिया को परिचित करवाया है एवं इस विद्या का प्रचार प्रसार भी किया है।वर्तमान में जब वैश्विक कोरोना महामारी चरम पर थी तब योग भी एलोपैथी के साथ साथ कारगार सिद्ध हुआ है।योग हमें शारीरक एवं मानसिक रूप से दुरुस्त तो बनाता है एवं यह हमें तनाव व नकारात्मकता से भी दूर रखता है।यह बात पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय युवाध्यक्ष व पुष्पांजली टुडे समाचार पत्र के उपसम्पादक अर्पित गुप्ता ने कही।उन्होंने कहा कि योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है जिससे हमें बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।यह हमें रचनात्मक एवं क्रियात्मक भी बनाता है।अर्पित गुप्ता ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से लड़ने में योग बहुत ही कारगार साबित हुआ है और योग करने के सभी रोगों का नाश भी होता है।इसलिए कोरोना के खात्मे के लिए योग बेहद जरूरी है।उन्होंने सभी देशवासियों से योग दिवस पर अपील की है कि सभी लोग रोजाना योगा अवश्य करें और निरोगी रहें।

### योग करने से मन,दिमाग रहता है स्वस्थ्य-काजल

करैरा(अर्पित गुप्ता)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ो के साथ बच्चों ने भी आकर योग किया और इस कोरोना जैसी महामारी को हराने के प्रण भी लिया।योग हमारे देश के महान श्रृषि मुनियों की देन है और इस परंपरा को सभी देशों तक पहुंचाने के लिए 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है।जिससे विश्व स्तर पर योग को स्वीकारोक्ति मिलती है। जिससे सभी योग करते हुए अपने आप को स्वस्थ और तनाव मुक्त रख सकते हैं।यह बात युवा कवियत्री व लेखिका काजल गुप्ता ने कहीं।उन्होंने कहा कि हम सब को भी निरोगी रहने के लिए नियमित योगा करना चाहिए।

# वैक्सीन की डोज से ही कोरोना महामारी से बचा जा सकता है: विधायक मेवाराम जाटव

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महा वैक्सीन अभियान का शुभारंभ

**गोहद।** 7 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोहद में महा वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बिडखरी के आरोग्य केंद्र पर स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सर्वप्रथम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद में स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव ने अंबेडकर एवं गांधी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात वैक्सीनेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक जाटव ने कहा कि इस महामारी से बचने के लिए सभी को वैक्सीन की डोज लेनी है। मैंने भी वैक्सीन की पहली डोज ली है नियमानुसार 84 दिनों के अंतर पर दूसरे डोज लगेगी नहीं तो मैं आज ही दूसरे डोज ले लेता। अभी कोरोना वायरस से वचाव का केवल एकमात्र वैक्सीनेशन ही उपाय है। इस महा वैक्सीनेशन अभियान की सुरुआत सरकार महा अभियान चलाकर कर रही है जिसमें हम सब को भागीदार बनना है और अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगवाने हैं अपने आसपास एवं समाज के लोगों को जागरूक करके वैक्सीनेशन के लिए तैयार करना है समाज में फैली हुई कुरीतियों एवं भ्रांतियों को दूर करना है तभी हम सब कोरोना महामारी से लड़कर जीत हासिल कर सकते हैं इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आलोक शर्मा के द्वारा बताया गया कि हमारे गोहद ब्लॉक में 27 सेंटरों पर महा वैक्सीनेशन अभियान आज से शुरू हो रहा है यहां दो प्रकार की वैक्सीनेशन लगाई जा रही है



जिनमें कोवैक्सीन की दूसरी डोज 28 दिनों के पश्चात एवं कोबीसील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज 84 दिनों के पश्चात लगाई जा रही है। वैक्सीन की दोनों डोज लगने पर 90 प्रतिशत सुरक्षित रह सकते हैं 10 प्रतिशत सुरक्षित रहने के लिए हमें मास्क का उपयोग करना होगा। उन्होंने अनुभाग में अभी तक के वैक्सीनेशन का डेटा भी बताया। इस अवसर पर, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया, आशीष गुर्जर, देवीसिंह तोमर, रामहेत जाटव, केदार कौशल, वृजेश चौरसिया, साबू खान, नरोत्तम चौरसिया, बबलू बरैया, राजेंद्र परिहार, धारा सिंह, अभिषेक शैगर, देवेंद्र पाठक, विजय निगम, द्वारका प्रसाद खन्ना, बॉबी जर्मन, शोहेल खान आदि उपस्थित रहे।

आरोग्य केंद्र पर विधायक जाटव ने किया वैक्सीनेशन का शुभारम्भ- गोहद अनुभाग के महा वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत 27 वैक्सीनेशन सेंटरों पर महा अभियान चलाकर वैक्सीनेशन किया जा रहा है इसी क्रम में बिडखरी ग्राम पंचायत के आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र पर भी महा वैक्सीनेशन की शुरुआत करने के लिए विधायक मेवाराम जाटव पहुंचे वहां उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्याममोहन श्रीवास्तव ने सभी को महा वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आलोक शर्मा, ब्लॉक पंचायत अधिकारी जगमोहन गोयल, बीईओ मंजू वरोदिया, बीआरसी कमलेश तोमर, ग्राम पंचायत बिडखरी के सरपंच चौधरी जयप्रकाश सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेता गण व ग्राम पंचायत के एक सैकडा से अधिक लोग व शासकीय कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### एडीएम प्रशासन, एएसडीएम ने मौके पर जाकर किया स्थलीय निरीक्षण

**एटा।** नगर पालिका परिषद एटा के सभासदों द्वारा कलक्ट्रेट धरनास्थल पर धरना किए जाने वाले प्रकरण का डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने कड़ा संज्ञान लिया है। डीएम ने सभासदों द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक कुमार मिश्र एवं एएसडीएम राजीव पाण्डेय को गंभीरतापूर्वक जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि एडीएम प्रशासन को पांच कार्यो की स्थलीय जांच करने एवं एएसडीएम को पांच कार्यो की स्थलीय जांच कर उपलब्ध कराई जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषी कोई भी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र एवं एएसडीएम राजीव पाण्डेय ने सोमवार को अपने-अपने आवंटित पांच-पांच कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया है।

# 'जिले में टीकाकरण महाअभियान की शुरूआत'

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। जिले में एक दिवस में हुआ 20 हजार से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण, लक्ष्य से अधिक हुआ टीकाकरण। भिण्ड जिले में टीकाकरण महाअभियान की शुरूआत अग्रवाल धर्मशाला, व्यापार मण्डल धर्मशाला एवं पुलिस लाईन टीकाकरण केन्द्र से हुई। जिले में आज से प्रारंभ टीकाकरण महाअभियान में क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने अग्रवाल धर्मशाला में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर पर टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ किया। साथ ही क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने व्यापार मंडल धर्मशाला में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर पर भी टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अपना टीकाकरण



**व्यापार मण्डल धर्मशाला,अग्रवाल धर्मशाला एवं पुलिस लाईन टीकाकरण केन्द्र से हुई टीकाकरण महाअभियान को उत्सव के रूप में सम्पूर्ण जिले में मनाया गया**

अग्रवाल धर्मशाला वैक्सीनेशन सेंटर पर करवाया। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह ने टीकाकरण पर आए आम नागरिकों को टीकाकरण कराने हेतु शपथ भी दिलाई। जिले में एक दिवस में हुआ 20 हजार से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण, लक्ष्य से अधिक टीकाकरण हुआ। इस दौरान श्री रमेश दुबे, जगदीश दीक्षित, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार सहित प्रेरक, अन्य अधिकारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। जिले के सभी टीकाकरण केन्द्रों में आज सुबह से ही टीकाकरण के लिए भीड़ देखी गई। नागरिकों ने टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीका लगवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार किया और टीका लगवाया। भिण्ड जिले के सभी टीकाकरण केन्द्रों को आज फूलों और रंगोली से सजाया गया, अग्रवाल धर्मशाला में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र में आज क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने सबसे पहले टीका लगवाया। जिले में इस टीकाकरण महाअभियान के अवसर पर सजावट के साथ ऐसा माहौल बनाया गया है जो किसी त्यौहार से कम नहीं, टीकाकरण महाअभियान से प्रेरित होकर लोगों में बहुत उत्साह है, लोग बहुत खुश हैं कि उन्हें टीकाकरण महाअभियान के अवसर पर टीका लगवाने का अवसर

### कानेलाव में ग्रामीणों ने सांसद विधायक का किया जोरदार सम्मान

नेनाराम सिरवी पाली



निकटवर्ती ग्राम कानेलाव पाली में ग्रामीणों ने सांसद पी पी चौधरी ,विधायक जोरारामजी , प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल का साफा व माला पहना कर किया स्वागत ।टीकाकरण में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार के आदेश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पाली सांसद सुमेरपुर विधायक ने पाली ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके टीकाकरण में तेजी लाने के लिए ज्यादा से ज्यादा टीके लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। पाली सांसद चौधरी ने अलग-अलग स्थानों पर जनसुनवाई के दौरान जन समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने क्षेत्र की जनता को आश्वासन दिया। सांसद चौधरी को ग्रामीणों ने कानेलाव ग्रामीणों ने श्मशान भूमि की समस्या का समाधान करने के लिए जन सुनवाई के दौरान मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान भूमि आवण्टित नही हो रही है। सांसद ने पाली जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप को दूरभाष के माध्यम से बात करके ग्रामीणों की सबसे विकट जन समस्या का समाधान करने के लिए अवगत करवाया गया। और कानेलाव से कुरना मात्र 6 किलोमीटर की सड़क का डामरीकरण करने की मांग की गई। सबसे महत्वपूर्ण ग्रामीण किसानों ने सिंचाई के लिए जवाई बांध से पानी देने की मांग रखी गई। पाली सांसद चौधरी ने ग्रामीणों को जन सुनवाई के दौरान बताई गई जन समस्या का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया।

# भारत की योग शक्ति का लोहा पूरे विश्व ने स्वीकार किया : भदौरिया

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे

गोरमी।अंतारास्ट्रीय योग दिवस के अबसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी ने सभी ग्रामकेन्द्रों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ योग किया ।गोरमी नगर में मुख्य कार्यकर्म नगर के इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित किया जिसमें आधा सैकड़ा से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं एबम नगर के गण्यमान्य नागरिकों ने सामूहिक योग किया।इस अबसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने कहाँ की आज भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लगभग आधा सैकड़ा देश आज योग दिवस मना रहे है ये भारत के लिये गौरव की बात है सही अर्थों में अगर इस कोरोना काल मे रोग का सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो बो योग है जिसकी तागत से हम सभी रोगों को मात दे सकते है इस लिये



जीवन मे हम लोगो को योग प्रतिदिन कुछ समय निकालकर जरूर करना चाहिये।आज योग दिवस के अबसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर परिवार के साथ एबम पंचायत स्तर पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग के कार्यक्रम आयोजित किये। जहाँ ग्राम कचनाव खुर्द में मंडल उपाध्यक्ष धुर्व शर्मा के मुख्य अतिथि में काई बाग का पूरा पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया ग्राम सीताराम की लाउंन हसनपुरा अक्लोनी मेहदोली परोसा हरीक्षा कचनाव कला कुटरोली ग्राम में भी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।गोरमी में आयोजित योग कार्यक्रम में योग का प्रशिक्षण आचार्य रामशरण मिश्रा ने दिया इस अबसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अशोक कुमार निर्मल आर्य चेतन सिंह भदौरिया अरविंद वर्मा ऋषिकेश शर्मा शिवराज यादव संतोष भदौरिया दिनेश यादव बल्लू जैन नीरज यादव सुनील सोनी मोनू शर्मा अरविंद जैन रवि सोनी डॉ वेद प्रकाश शर्मा रज्जन भदौरिया रणवीर परमार राहुल राजौरिया रामनिवास ओझा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### करो योग - रहो निरोग

### सब रोगों का एक ही समाधान, योगा करो सुबह और शाम! 7 वर्षीय सुहानी पाठक

पुष्पांजली टुडे



श्योपुर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों ने भी अपने घरों में योग किया और इस कोरोना जैसी महामारी को हराने का प्रण भी लिया। योग हमारे देश के महान श्रृषि मुनियों की देन है और इस परंपरा को सभी देशों तक पहुंचाने के लिए 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। जिससे विश्व स्तर पर योग को स्वीकारोक्ति मिलती है। जिससे सभी योग करते हुए अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। 7 वर्षीय सुहानी पाठक ने बताया की सुबह शाम योगा करना चाहिए। योग करने से शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है साथ ही याद रखने की क्षमता भी बढती है। में नियमित सुबह और शाम को अपने घर में ही योगा करती हूँ और में सभी बच्चों से कहना चाहूंगी... योग का नारा है भविष्य अब हमारा है!

### वैक्सीनेशन महाभियान में ग्रामीणों को जागरूक कर सी.ई.ओ.एवं थाना निरीक्षक की मेहनत लाई रंग

# वैक्सीनेशन महाभियान में लक्ष्य पार कर आगे आया ग्राम अमाहा

पुष्पांजली टुडे, दबोह(अर्पित गुप्ता)

नगर दबोह एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैक्सीन महाअभियान चलाया जा रहा है दबोह क्षेत्र के व्यक्तियों में जागरूकता भी बड़ी हुई है यह जागरूकता में मुख्य भूमिका जनपद पंचायत सी.ई.ओ आलोक प्रताप सिंह ईटोरिया एवं थाना निरीक्षक प्रमोद साहू की है जो 20 जून को अमाहा, छिवावली, जाखौली, देवरी कला, वरथरा ग्राम पंचायत वैक्सीन सेंटर पर पहुँच कर निरीक्षण किया था एवं ग्राम पंचायतों की जन चौपालों पर जाकर ग्रामीणो को बैक्सीनेशन के बारे में समझाया था वही आज यह अभियान सुरक्षा का है इसको सफल बनाओ को लेकर आज सुबह पुनः ग्रामो में पहुँचे ग्राम वासियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया सी.ई.ओ आलोक प्रताप इटौरिया एवं थाना निरीक्षक प्रमोद साहू की यह मेहनत कही न कही रंग लाई है क्यो की कल एवं आज जब प्रशासनिक अधिकारी ग्रमीणो के बीच पहुँच कर उन्हें वैक्सीनेशन के बारे में समझाया था इस कारण ग्रामीणो में जागरूकता बढी एवं इस महाभियान को सफल बनाया संक्रमण को भगाने के लिए वैक्सीन सेंटर पर अधिक संख्या में पहुँच कर ग्रामीणों ने बैक्सीन लगवाई जनपद पंचायत सी.ई.ओ आलोक प्रताप सिंह ईटोरिया ने बताया आज अमाहा के ग्रमीणो में उत्साह दिखा रहा है पटवारी, सेकेट्री,आंगनवाड़ी कार्यकर्तायो एव जनप्रतिनिधियों आदि के सहयोग से अभी सबसे आगे अमाहा ग्राम पंचयात है जो अपने लक्ष्य से ज्यादा बैक्सीनेशन करने का कार्य कर रहा है अन्य ग्रामो में भी बैक्सीनेशन सुबह से जारी है अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीन लगवाये वही उन्होंने बताया बैक्सीन लगवाने से हमारी यूनिटी बढ़ती है कोरोना महामारी से लड़ने की ताकत देती है बाकी सब अफवाह है आप




सभी अपनी भूमिका निभाए बैक्सीन अवश्य लगवाये साथ में उपस्थित थाना निरीक्षक प्रमोद साहू बताया सी.ई.ओ साहब ने आज यह महाभियान को सफल बनाने में सहयोग रहा है वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लोगो की जागरूकता से यह लक्ष्य पूर्ण हुआ है यह हर एक नागरिक की जिम्मेदारी भी है बैक्सीन महापर्व पर आप सभी नगर एवं क्षेत्रवासीयो से पुनः ज्यादा से ज्यादा संख्या में बैक्सीन सेंटर पर पहुँच कर टीका अवश्य लगवाये, गाइडलाइंस का पालन करे मास्क, सोशलडिक्टेन्स, सेन्टाइजर का प्रयोग करें ।

### महाभियान को सफल बनाने किस किस की रही भूमिका

जनपद पंचायत सी.ई.ओ आलोक प्रताप सिंह इटौरिया, थाना निरीक्षक प्रमोद साहू, राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल जमौरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूलाल कुशवाह पटवारी मुलायाम कौरव अमित ओझा ,रमाशंकर राठौर, संजीव जाटव, विजय शंकर दुबे , मुकेश विमल , सेकेट्री अशोक पारासर , दीपक शर्मा ,कुँवर सिंह बघेल , रामकुमार सविता, कल्याण सिंह कौरव संजय गुर्जर आदि कर्मचारियों की मुख्यभूमिका रही।।

## नैनो न्यूज

### विधायक डॉ. सिकरवार ने डॉक्टर्स और नर्सेस का किया स्वागत



**ग्वालियर।** विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने सिविल डिस्पेंसनरी थाटीपुर ग्वालियर में पहुंच कर लोगों को टीका लगबाने के लिये प्रेरित किया और चल रहे वेक्सिनेषन कार्य का कई केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया। विधायक डॉ. सिकरवार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी जान की सुरक्षा के लिये टीका जरूर लगबायें। मास्क भी पहने और अनलॉक में अनावष्यक घर से न निकले। प्रषासन के सभी नियमों का पालन करें। विधायक डॉ. सिकरवार ने इस केंद्र पर डॉक्टर्स और नर्सेस का पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्प् गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। साथ ही विधायक डॉ. सिकरवार ने केंद्र पर संकल्प पत्र पड़कर सुनाया।

### खुशियों की दास्तां: जहान सिंह बोले जान है तो जहान है आज हम मजदूरी पर नहीं टीका लगवाने जायेंगे

**ग्वालियर।** जहान सिंह पेशे से दिहाड़ी श्रमिक हैं। वे रोज मजदूरी कर जो कमाकर लाते हैं उसी से उनके परिवार का गुजारा चलता है। हर दिन की तरह सोमवार की सुबह भी ठेकेदार की गाड़ी उन्हें काम पर ले जाने के लिए आ गई, पर जहान सिंह गाड़ी में नहीं बैठे। उन्होंने ठेकेदार के नुमाइंदे से कह दिया कि आज हम काम पर नहीं कोरोना का टीका लगवाने जायेंगे। जहान सिंह बोले हमने सुना है विश्व योग दिवस पर प्रदेश सरकार ने कोरोना टीकाकरण का महाअभियान शुरू किया है। यह जवाब सुनकर ठेकेदार का नुमाइंदा उनसे बोला कि कल तो आप कह रहे थे कि कोरोना कर्फ्यू में काम कम मिला, इस वजह से हाथ जरा तंग है और आज मजदूरी पर नहीं जा रहे। तब जहान सिंह बोले कि जान है तो जहान है। हमें बताया गया है कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना जरूरी है। ग्वालियर शहर के चंद्रबदनी नाका क्षेत्र में रहकर जहान सिंह मेहनत मजदूरी करते हैं। वे मूलत~ भिण्ड जिले के ग्राम झांकरी निवासी हैं।

### चाकू की नोंक पर चूडी वाले से बाइक व मोबाइल लूटी

**ग्वालियर।** देहात के करहिया थाना क्षेत्र के कोलार घाटी पर एक चूडी बेचने वाले को दो बदमाशों ने चाकू की नोंक पर बाइक, नगदी और मोबाइल लूट लिया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार चार शहर का नाका ग्वालियर निवासी ऊदल सिंह पुत्र रामलखन सिंह बाइक से गांवों में जाकर चूड़िया बेचते है। रोजाना की तरह कल वह चूड़ी बेचकर वापस लौट रहा था।

## ग्वालियर का नाम बदलने के सवाल पर सिंधिया बोले

# नाम तो कांग्रेस को अपना बदलना चाहिए





**ग्वालियर।** ग्वालियर का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई करने की मांग पर राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस को अपना ही नाम बदल लेना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि कांग्रेस की शक्ल है नामदारों की और ब्ध्ध्क्की शक्ल है कामदारों की। बता दें कि कांग्रेस ग्वालियर का नाम बदलकर वीरागंना लक्ष्मीबाई के नाम पर करने की मांग कर रही है। कुछ दिन पहले ही गुना सांसद केपी यादव ने भी कहा था कि अगर जनता चाहती है तो कर देना चाहिए। हालांकि कुछ देर बाद वे पलट गए और बोले- मेरा यह मतलब नहीं था।

इसके पहले सिंधिया के ग्वालियर पहुंचते ही उनके समर्थक फोटो खिंचाने के लिए उमड़ पड़े। इस दौरान कई बार सोशल डिस्टेंसिंग टूटी। सिंधिया ने लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने के बाद मीडिया से भी बात की। इस दौरान ग्वालियर का नाम वीरांगना लक्ष्मीबाई के नाम पर करने की मांग के सवाल पर सिंधिया ने कहा है कि वैसे तो यह समय राजनीतिक सवालों के जवाब देने का नहीं है, लेकिन इतना ही कहना चाहूंगा कि कांग्रेस को ही अपना नाम बदल लेना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस को इस महामारी में भी राजनीति दिख रही है। वह नाम बदलने को कह रही है। कांग्रेस ने पहले वैक्सीन पर सवाल किए, उसमें मांस होने की अफवाह फैलाई, अब उसी वैक्सीन को दौड़-दौड़कर लगवा रहे हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि करनी होगी:** राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्वालियर में कई बड़े अस्पताल से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के प्रयास हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय भी एक मेडिकल कॉलेज बनाना चाहती है। इससे काफी हद तक स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी, इसलिए मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मदद की मांग की है।

**फीता काटकर किया वैक्सीनेशन का शुभारंभ:** राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को हजीरा सिविल हॉस्पिटल में फीता काटकर वैक्सीनेशन के महा अभियान का शुभारंभ किया था। यहां उन्होंने लोगों को वैक्सीनेशन की शपथ भी दिलाई। इसके बाद मुरार जिला अस्पताल भी पहुंचे। साथ ही लक्ष्मीगंज में वैक्सीनेशन सेंटर पर भी पहुंचे। यहां लोगों से बात की। उनको वैक्सीन के फायदे बताए। इसके अलावा पूर्वमंत्री और जयभान सिंह पवैया और ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने जेएएच में वैक्सीनेशन की शुरुआत की।

### आल इंडिया किसान खेत-मजदूर संगठन का आह्वान गांव गांव में धरना

**ग्वालियर।** किसान विरोधी तीन कृषि कानूनों व बिजली बिल 2020 के खिलाफ व किसानों को खाद बीज कीटनाशक डीजल बिजली सस्ते और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर आल इंडिया किसान खेत-मजदूर संगठन के आह्वान जिले के अनेक गांवों में ग्राम धरने का आयोजन किया गया। इन ग्रामीण धरनों को पूरे मध्यप्रदेश में एक साथ लाइव चलाया गया जिसमें ग्वालियर के किसानों ने भी सरकार के प्रति अपना रोष जताया। इस अवसर पर ए आई के के एम एस के राज्य सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि एक तरफ सरकार तीन किसान विरोधी काले कानून ला रही है वहीं दूसरी तरफ बड़ी बड़ी कम्पनियों को खाद बीज कीटनाशक डीजल आदि की मनमानी रेट बढ़ाने की छूट दे रही है। फिलहाल किसान खरीफ फसल बुवाई के लिए महंगे बीज डीजल और खाद लेने को विवश है।

## भारतीय संस्कृति में योग का प्रभाव और महत्व किसी से छिपा नहीं है: कौशल शर्मा



**(डबरा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर ग्रामीण के द्वारा सातवाँ अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस समस्त ग्रामीण के सभी मंडलों में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस का बड़ा कार्यक्रम का आयोजन संयोजक नितिन गुप्ता फोर सीजन्स आयुर्वेदा डबरा द्वारा किया गया तथा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कौशल शर्मा,श्री वीरेंद्र जैन,योगाचार्य जय दयाल शर्मा,जगराम कोटिया एवं दामोदर गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा जी ने कहा कि भारत और भारतीय संस्?कृति में योग का प्रभाव और महत्?व किसी से छिपा नहीं है।यूं तो सदियों से अपने देश में आम और खास सभी लोग योग करते चले आ रहे हैं,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्?तर पर योगा के रूप में विकसित और पल्?लवित होने के बाद आज योग जिंदगी जीने की एक नई कला के रूप में देखा और समझा जा रहा है। यही वजह है कि भारतीय योग को योगा डे के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को प्रस्?ताव रखा था। योग दिवस के रूप में 21 जून का दिन चुनने के पीछे वजह थी, यह थी कि यह दिन दुनिया के तमाम हिस्सों में खास महत्?व रखता है। ऐसे में यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रस्?ताव पास होने के बाद जून 2015 से पूरा विश्?व हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेलीब्रेट करता है। योगा के महत्व को समझ कर अब पूरे संपूर्ण राष्ट्रों के द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक सम्मिलित होते है। इसके साथ ही वैक्सीनेशन का विशाल कार्यक्रम संपूर्ण जिले में सभी जगह किया जा रहा है।जिसकी मॉनिटरिंग जिला अध्यक्ष द्वारा तमाम केंद्रों पर जाकर की गई।

## टीकाकरण महाभियान में कैट ने लक्ष्य से आगे जाकर किया काम

### ग्वालियर की सबसे ज्यादा टीकाकरण करने वाली संस्था बनी कैट



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने टीकाकरण के महाभियान में सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन करके ग्वालियर की अग्रणी संस्था बनने का खिताब प्राप्त किया। लगभग 2600 से अधिक टीकाकरण करके ग्वालियर जिले की सबसे अधिक टीकाकरण करने वाली संस्था व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था का खिताब कैट के नाम रहा। कैट ने आज जीवायएमसी क्लब के साथ मिलकर वैक्सीनेशन किया। ग्वालियर का पहला ड्राईव थ्रू वैक्सीनेशन जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में किया, इसके अलावा मोबाइल वैन के माध्यम से अन्य बाजारों में औद्योगिक क्षेत्रों में एवं ग्वालियर के दोनों प्रमुख मॉल में जाकर वैक्सीनेशन का कार्य किया। कैट के अभियान में जिला संयोजक दीपक पमनानी, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री मुकेश जैन, संयुक्त सचिव मयूर गर्ग, कैट मध्यप्रदेश के कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया, कैट कोर टीम के सदस्य उदित चतुर्वेदी, राघवेन्द्र सिंघल, बाजार संयोजक कृष्णविहारी गोयल, विपुल गुप्ता ने जबरदस्त मेहनत कर लगभग 2600 से भी अधिक व्यापारी एवं नागिरकों को वैक्सीनेशन कर इस लक्ष्य को प्राप्त किया। इसके साथ ही इस वैक्सीनेशन के इस महाभियान को नया बाजार के सचिव एवं बाजार संयोजक विजय जाजू, नई सडक के बाजार संयोजक आशीष जैन, अमित गुप्ता, प्रीतेश अग्रवाल, इंडस्ट्रीयल एरिया में नरेन्द्र रोहिरा, जेसीआई के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, सदाव्रत की बगीची के श्री हरीबाबू अग्रवाल, मनीष बांदिल, प्रिया दास, जीवायएमसी क्लब के सचिव रंजीत सिंह, कल्ली पंडित, गगन जाधव, गौरव श्रीवास्तव, नवीन गुप्ता मिडवे होटल, पुनीत राठौर आदि ने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए इस लक्ष्य को पूरा करने में अपनी मदद दी। कैट ने आज 2 उपहार योजना भी चलाई। ड्राईव थ्रू वैक्सीनेशन पर एस. कुमार की ओर से वैक्सीन लगवाने वालों को आधा किलो पोहे का पैकेट की पर्ची दी गयी, जो वो एस. कुमार से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। नया बाजार में वैक्सीनेशन कराने वालों को एक टी-शर्ट उपहार में दी गई। कैट के पदाधिकारियों ने बताया कि हम ग्वालियर को पूर्णतः वैक्सीनेट करने में अपना सक्रिय योगदान इसी प्रकार देते रहेंगे। आज कैट के ड्राईव थ्रू वैक्सीनेशन सेन्टर पर पूर्व मंत्री माया सिंह जी, मंत्री म.प्र. शासन श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ग्वालियर संभागायुक्त आशीष सक्सेना, जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, एडीएम रिंकेश वैश्य ने अवलोकन किया।

PRABAL RAJAWAT
(medicine counselor)
M.9584013254
+Air SON PHARMA
PRASHANT BHADOURIYA
M.8279318693
Patient Home Care Services
we care for you
24 hours healthcare facilities at home Patient and child care taker facilities male and female All nursing care at home Hospital duty SOS .nursing staff available All specialist and consalting at your home Blood urin sample collect your home
Shivendra singh
(Gwalior diagnostic)
M.9713193637
Near madhav plaza lashkar Gwalior 474001

## 3 बाइक पर सवार थे 6 बदमाश, गाली देने का आरोप लगाकर छात्र को रोका, मारपीट कर 15 हजार कैश, सोने की चेन, मोबाइल लूट ले गए



**ग्वालियर।** ग्वालियर में अनलॉक के साथ लूट, चोरी की घटनाएं होने लगी हैं। रविवार रात कर्फ्यू के बीच बाइक पर भाई के साथ घूमकर आ रहे लॉ स्टूडेंट को अन्य 3 बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाश मारपीट कर मोबाइल, नकदी और सोने की चेन लूट ले गए हैं। बदमाशों ने छात्र को गाली देने का आरोप लगाकर रोका था। वारदात कैंसर हिल्स पर रात 11 बजे की है। वारदात के बाद छात्र ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। कर्फ्यू में लूट करने के बाद लुटेरे आसानी से निकल गए। शहर के ललितपुर कॉलोनी में रहने वाला 23 वर्षीय उदय पुत्र अर्जुन भारद्वाज वकालत की पढाई कर रहा है। अभी वह स्क्क फाइनल ईयर में हैं। रविवार रात वह अपने भाई प्रतीक के साथ बाइक से कैंसर हिल्स होकर शिवपुरी लिंक रोड तक घूमने गए थे। लौटते समय जब वह वापस कैंसर हिल्स पर पहुंचे तो 3 बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाशों ने उनको ओवरटेक कर रोक लिया। बाइक रोकते ही बदमाशों ने छात्र और उसके भाई पर आरोप लगाया कि उनके साथ जो बाइक चल रही थी उसने हमें गाली दी है। छात्र ने बतया कि वह अकेले ही थे और उनके साथ कोई बाइक नहीं थी। इस पर बदमाशों ने गालियां देते हुए दोनों से मारपीट कर दी। मारपीट के बाद उन्हें बंधक बनाकर 15 हजार रुपए कैश, मोबाइल, गले से सोने की चेन करीब 50 हजार रुपए की लूटकर भाग गए। बदमाशों के भागने के बाद छात्र ने पीछा करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और घेराबंदी की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है।

**एक बाइक का नंबर देख लिया:** लूट के शिकार छात्र ने पुलिस को बताया कि जब वह बदमाशों का पीछा कर रहे थे तो एक बदमाश की बाइक का नंबर उन्होंने देख लिया था जो MP07 NE-2590 है।

सौम्या डिजिटल सर्विसेस
SOMYA GROUP
सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्य किये जाते है।
आयुष्मान कार्ड | फोटो कॉपी | पेन कार्ड
अर्जेन्ट फोटो | वाहन बीमा | कलर प्रिन्ट
खसरा खतौनी | रेल्वे/बस टिकट | लाईट बिल
कॉलेज / स्कूल फीस | आय प्रमाण | MOBILE/DTH
जीवन प्रमाण पत्र | मूल निवासी | आय/जाति
समग्र आईडी | बिल भुगतान | ड्रायविंग लायसंन्स
हेल्थ इंस्नोरेन्स | पर्सनल इंस्नोरेन्स | वाहन बीमा
9713253992, 8889981102

## पेट्रोलपंप खुलवाने के नाम पर 1.75 करोड़ की ठगी

**ग्वालियर।** भारतीय बायो डीजल कंपनी के कंपनी हेड सहित तीन ने दो व्यवसायी व एक सीआरपीएफ जवान को पेट्रोलपंप खुलवाने के नाम पर पौने दो करोड़ का चूना लगा दिया। विश्वविद्यालय थाना पुलिस फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरार निवासी मुकेश सिंह पुत्र रामकल सिंह पेशे से व्यवसायी हैं। उनकी मित्रता व्यवसायी राकेश सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी देवरी जिला भिण्ड और सीआरपीएफ जवान दिनेश सिंह राजावत पुत्र प्रतिपाल सिंह राजावत निवासी गुढी गुढा का नाका से है। कुछ समय पूर्व उन्होंने एक विज्ञापन देखा था, जिसमें बायो डीजल पंप खोलने व डिलरशिप का विज्ञापन था। उसमें दिए नंबरों पर बात की तो उन्हें कंपनी के सिटी सेंटर स्थित आफिस बुलाया। जिस पर वह तथा उनके मित्र भी डिलरशिप लेने के लिए पहुंचे। यहां पर कंपनी के ग्वालियर हेड गौरव शर्मा व कर्मचारी प्रियंका उर्फ प्रिया सुलेरे से मुलाकात हुई। सभी बातचीत तय होने के बाद वह डीलरशिप लेने के लिए तैयार हो गए। और इसके बाद गौरव ने उनकी बातचीत कंपनी के एमडी शैलेन्द्र सिंह से बातचीत कराई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478